RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 264 जयपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

रीजिम चेंज वाले बयान पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर पलटवार

फेल प्रोडक्ट लॉन्च कर रही कांग्रेस, इतनी लॉन्चिंग तो श्रीहरिकोटा से भी नहीं होती

प्रधानमंत्री मोदी बोले, दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है, वहीं भारत में कुछ लोग डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं, कांग्रेस का यह परिवार ही उसे खत्म करने में जुटा है

नई दिल्ली/संचार जगत



पीएम मोदी ने कहा कि श्री हरिकोटा से साल में भर में उतनी लॉन्चिंग नहीं होती, जितनी कांग्रेस वाले अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग करते हैं। कांग्रेस को जो करना है करे, लेकिन भारत की प्रतिष्ठा और उपलब्धियों को कटघरे में खड़ा कर रही है।

अंगूर उसके लिए इतने खट्टे हैं कि वह अंगूर की बेल ही काटने में लग गई है। कांग्रेस का यह परिवार ही उसे खत्म करने में जुटा है। कांग्रेस के इस रवैये का नुकसान सरकार को ईमानदार आलोचकों को भी होता है। ईमानदार आलोचकों को इससे बहुत नुकसान हो रहा है। जो लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के खिलाफ अपनी बात रखना चाहते हैं, उनकी बात भी कांग्रेस के शोर में खो जाती है। उन ईमानदार आलोचकों की आवाज दब जाती है, जो लोकतंत्र का भला चाहते हैं और देश का हित चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसद नहीं चलने देती है क्योंकि दूसरों को मौका नहीं मिल जाए क्योंकि कांग्रेस में सिर्फ लाइमलाइट में केवल एक को ही रखना है। ऐसा करके विपक्ष के कई सांसदों के साथ कांग्रेस अन्याय करती है, ऐसे आंदोलन जो सरकार की कमियों को बताना चाहते हैं, जो वाकई सिस्टम में सुधार करना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस उन्हें भी तबाह कर देती है। कांग्रस परजीवी बन गई है जो किसी को आगे नहीं बढ़ने देती है, दिमागी नक्सलियों ने कांग्रेस पर इस तरह कब्जा कर लिया है, जिसमें कांग्रेस ने सोचने की क्षमता ही खो दी है, जो जंगलों में विनाश करते थे वो कांग्रेस में घुसकर अब देश का विनाश करने पर तुली है।

अंगूर खट्टे हैं तो बेल ही काटने में जुटी है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस जो कर रही है करे, लेकिन अपने परिवार को नाकामी के दांव से बचाने के लिए भारत की उपलब्धियों को, अच्छाइयों को और भारत की प्रगति को कटघरे में खड़ा कर रही है। अंगूर इतने खट्टे हैं कि कांग्रेस अंगूर की बेल को ही काटने में जुट गई है। कांग्रेस का ये परिवार उनकी पार्टी पर बोझ बन गया है, अकेले में पार्टी ने के नेता मिलने पर बताते हैं लेकिन अपमान का घूंट पीकर वो चुप ही रहते हैं. इस दौरान पीएम मोदी ने वर्ल्ड ऑर्डर के बारे में बात की तो वहीं बदलती दुनिया में भारत की भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज वर्ल्ड ऑर्डर बदल रहा है तो भारत की भूमिका भी बदल रही है और बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि वर्ल्ड ऑर्डर बदल रहा है तो फिर व्यवस्था भी उसके अनुसार बदलनी चाहिए। उन्होंने यूएन में सुधार की बात की और कहा कि यदि व्यवस्था नहीं रही तो फिर मत्स्य न्याय होने लगता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने चाणक्य के अर्थशास्त्र का उल्लेख करते हुए कहा कि जब व्यवस्था कमजोर पड़ती है तो मत्स्य न्याय पैदा होता है। उसमें बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है। दुनिया को ऐसी व्यवस्था की जरूरत है, जो मत्स्य न्याय से रोके।

फ्रांस के दंगों और भारत के छात्र प्रदर्शनों में कनेक्शन

फ्रांस में हुए दंगे और भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए युवाओं के प्रदर्शन में कुछ संबंध सामने आए हैं। ये दावा विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से किया जा रहा है। फ्रांस में महंगाई और बेहतर शिक्षा संबंधी मांगों को लेकर युवा सड़कों पर उतरे। वहीं भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी पार्टियों के साथ कई संगठन के युवा सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दोनों ही प्रदर्शनों में तालमेल बैठाने के काम में कुछ संगठन जुटे हैं। एक अमेरिकी न्यूज चैनल ने अपनी जांच में ऐसे ही 101 संगठनों की पहचान की है। इस जांच में इन संगठनों की पहुंच नौ देशों तक बताई जा रही है। इन संगठनों को रेड-ग्रीन इकोसिस्टम (इस्लामी और कम्युनिस्ट समूहों का तंत्र) बताया जा रहा है। रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार ये समूह यूरोप में विरोध प्रदर्शन को कराने से लेकर उनके बीच सही से तालमेल बैठाने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा इन समूहों के सदस्य इसे बढ़ाने पर भी जोर दे रहे हैं। इसके लिए जो भी उन्हें उचित लग रहा वो कदम उठा रहे हैं।

101 संगठनों का रेड-ग्रीन इकोसिस्टम सक्रिय, चीन में बैठे सिंघम से मिल रही है फंडिंग

किसी भी सूरत में पाकिस्तान से दोस्ती भारत की कीमत पर नहीं हो सकती

आतंकवाद पर यूएस विदेश मंत्री मार्को रूबियों ने किया साफ, अमेरिका के लिए दोनों देशों की अपनी जगह

नई दिल्ली/संचार जगत



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाक से वॉशिंगटन के अच्छे और करीबी रिश्ते किसी भी सूरत में भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी की कीमत पर नहीं आएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और अमेरिका दोनों की चिंताएं एक जैसी हैं और दोनों देश इस खतरे को गंभीरता से लेते हैं।

बता दें कि रुबियो भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने मुंबई के प्रसिद्ध ताज महल पैलेस होटल में इंडिया टुडे से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। यह होटल 2008 के 26/11 आतंकी हमलों में मुख्य निशानों में से एक था, जहां कई लोगों की जान गई थी। रुबियो इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि यूएस कैसे सुनिश्चित करेगा कि पाक के साथ उसके बढ़ते रिश्ते भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर न करें या उस पर असर न डालें।

आतंकवाद पर दोनो देशों की चिंताए समानः पाक से हमारा रिश्ता किसी भी तरह से भारत के साथ हमारे रिश्ते की कीमत पर नहीं है। आतंकवाद को लेकर वाशिंगटन और नई दिल्ली की एक जैसी चिंताएं हैं। उन्होंने जोड़ा कि अमेरिका को दुनिया भर के देशों के साथ संबंध बनाए रखने की जरूरत है और पाक भी उनमें शामिल है। रुबियो ने बताया कि इस्लामाबाद के साथ सतत वार्ता और संपर्क बनाए रखने से अमेरिका को कई मुद्दों पर उनके फैसलों पर ज्यादा असर डालने का मौका मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इससे हमें उम्मीद है, अलग-अलग टॉपिक पर उनके फैसलों पर ज्यादा असर डालने में मदद मिलेगी। उन्होंने भारत और पाक दोनों के साथ अमेरिका के रिश्तों को अहम बताया। उनका कहना था कि दोनों पड़ोसी देशों के साथ संबंध रखने से अमेरिका तनाव को बड़े झगड़े या युद्ध में बदलने से रोकने में मदद कर सकता है। भारत के साथ यूएस की साझेदारी को उन्होंने लंबे समय से चली आ रही बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि हाल के सालों में पाक रिश्ते बेहतर हुए हैं, जिससे वॉशिंगटन को दोनों पक्षों से जुड़ने और वार्ता करने का मौका मिला है। इस दौरान रुबियो ने भारत-पाक के बीच खराब रिश्तों को स्वीकार किया।

अमेरिका का वादा, हम आतंकवाद के खिलाफ

आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका के वादे को दोहराते हुए रुबियो ने कहा कि दुनिया में आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका से ज्यादा कोई देश काम नहीं करता। उन्होंने आईएस और अल-कायदा के खिलाफ अमेरिकी ऑपरेशन्स का जिक्र किया। इसमें अल-कायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन को मारने वाला ऑपरेशन भी शामिल है। उन्होंने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आतंकवादी गुटों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाइयों का भी उल्लेख किया। रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन ने आतंकवाद और कट्टरपंथी सोच का सामना करने का अपना कमिटमेंट साफ दिखाया है। ये खतरे भारत समेत दुनिया के कई देशों के लिए चिंता का विषय हैं।

ओवल मैदान पर भारत ने टी20 में रचा इतिहास

न्यूजीलैंड में किया सबसे बड़ा रन चेज़



क्राइस्टचर्च । भारतीय क्रिकेट टीम ने जीत के साथ न्यूजीलैंड दौरे की शुरुआत की है। क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में खेले गए पहले टी20 में टीम इंडिया ने 226 रनों का टारगेट चेज कर इतिहास रच दिया।

यह न्यूजीलैंड की धरती पर टी20 इंटरनेशनल में भारत का सबसे बड़ा रन चेज़ है। सात नंबर पर बल्लेबाजी करने आए नमन धीर ने 15 गेंद में नाबाद 42 रनों की तूफानी पारी खेल रोमांचक मैच में भारत को जीत दिलाई। वहीं संजू सैमसन ने 33 गेंद में 67 और कप्तान श्रेयस अय्यर ने 28 गेंद में 42 रनों की पारी खेली। भारत ने पहले टी20 में 4 विकेट से जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने पहले खेलने के बाद 20 ओवर में 4 विकेट पर 225 रन बनाए थे। जवाब में टीम इंडिया ने अंतिम ओवर में जीत हासिल की। इसके साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। नमन धीर ने 15 गेंद में 42 रनों की पारी के दौरान 5 चौके और 2 छक्के जड़े। भारत ने दो गेंद शेष रहते 226 रनों के लक्ष्य का पीछा कर लिया।

नमन धीर ने 15 गेंद में 42 रन बनाकर पलटी बाजी

टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामले में एक और खुलासा

होटल में गोली चलाकर शूटरों ने बारी-बारी से जांची थी पिस्टल

प्रैक्टिस के दौरान एक आरोपी ने दो और दूसरे ने एक गोली चलाई थी, एक मिसफायर भी हुआ था

नई दिल्ली/संचार जगत



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग मामले में जांच के दौरान एक और अहम खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने से पहले आरोपियों ने मुंबई के पास ही एक जगह पर बंदूक से गोली चलाने की प्रैक्टिस की थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को उस जगह की जानकारी दी है, जहां उन्होंने बंदूक की जांच करने के लिए फायरिंग की थी।

मीड़िया रिपोर्ट के अनुसार, प्रैक्टिस के दौरान एक आरोपी ने दो गोलियां चलाईं, जबकि दूसरे आरोपी ने एक गोली चलाकर बंदूक की जांच की थी। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी प्रैक्टिस के दौरान गोली चलाने में सफल रहे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि अंधेरी के जिस होटल में आरोपी ठहरे हुए थे, वहां कमरे में बंदूक की जांच करते समय मिसफायर हुआ था।

हथियार पहुंचाने वाली राधा कोर्ट में फूट-फूटकर रोई

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में शुक्रवार को उस वक्त सबका ध्यान आरोपी राधा पर गया, जब वह कोर्ट में रोने लगी। मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट में रिमांड की कार्यवाही शुरू होने से पहले राधा फूट-फूटकर रोती दिखी। राधा को तीन अन्य आरोपियों बबीता, कुनाल और सुमित के साथ अदालत में पेश किया गया था।

डीएल के नियमों में बदलाव की तैयारी

ड्राइविंग ट्यूटोरियल में पास होने के लिए 75% अंक पाना जरूरी

नई दिल्ली, आरएनएन। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स में संशोधन करने के लिए एक नया ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इसका मकसद ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) सर्विसिस को ज्यादा पारदर्शी और आसान बनाना है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस में नाम और पता बदलवाने पर फीस न लेने की बात कही गई है। साथ ही इस नए ड्राफ्ट में सेफ-ड्राइविंग टेस्ट के पासिंग मार्क्स बढ़ाने, आधार ऑथेंटिकेशन पर फीस माफ करने और आवेदन निपटान के लिए सख्त समय-सीमा तय करने के प्रस्ताव शामिल हैं।

नाम-पता बदलवाने पर नहीं लगेगी फीस

ये दस्तावेज मान्य होंगे

पहचान, आयु और पते के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड, पासपोर्ट, वोटर आईडी, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र मान्य होंगे। साथ ही बिजली और गैस बिल भी पते के प्रमाण के तौर पर मान्य हो सकते हैं, बशर्ते बिल 3 महीने से पुराना न हो। अब तक पते या आयु के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल होने वाली एलआईसी पॉलिसी को अब एड्रेस प्रूफ के तौर पर मान्य नहीं माना जाएगा।

दूसरे दिन जियो आईपीओ का सब्सक्राइब 3.47 गुना हुआ

निवेशकों की मांग 3.5 लाख करोड़ के पार, दो दिन में ही सभी वर्गों का कोटा पूरी तरह भरा

नई दिल्ली/संचार जगत



रिलायंस जियो के आईपीओ को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। बोली के दूसरे दिन कुल मांग 3.5 लाख करोड़ रुपए को पार कर गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक यह इश्यू कुल 3.47 गुना सब्सक्राइब हो चुका है।

दूसरे दिन तक निवेशकों के सभी वर्गों का कोटा पूरी तरह भर चुका है। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स सबसे आगे रहे, उनके बाद नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स और रिटेल निवेशकों का स्थान रहा। क्यूआईबी वर्ग सबसे मजबूत साबित हुआ। इनका हिस्सा 9.61 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। एनआईआईएस में हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल (एचएनआई) और अन्य पात्र निवेशक शामिल हैं।

रिटेल निवेशकों के लिए नियम

हर आवेदन सभी पात्रता और नियमों के मुताबिक होनी चाहिए। एक ही व्यक्ति की ओर से अलग-अलग खातों या पहचान का इस्तेमाल करके किए गए कई आवेदनों को डुप्लीकेट मानकर रद्द किया जा सकता है। परिवार के जो सदस्य स्वतंत्र रूप से निवेश करने के योग्य हैं, वह अपने खुद के पैन और डीमैट खाते से आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते हर आवेदन नियमों पर खरा उतरे। हालांकि अलग-अलग आवेदन करने से भी शेयर मिलने की कोई गारंटी नहीं होती। जैसे-जैसे निवेशक आवेदन करेंगे या उनमें बदलाव करेंगे, ये आंकड़े आगे बदल भी सकते हैं। अंतिम नतीजे 23 अक्टूबर को इश्यू बंद होने के बाद सामने आएंगे।

शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण का मतदान

प्रथम चरण में 68.29 प्रतिशत मतदान, झोटवाड़ा में सर्वाधिक 73.65 प्रतिशत मतदान दर्ज

जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने निर्वाचन व्यवस्थाओं की ली जानकारी

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के तहत गुरुवार को जयपुर जिले की आठ पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के 22 वार्डों में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि जयपुर जिले में कुल 7 लाख 43 हजार 640 मतदाताओं में से 5 लाख 7 हजार 796 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार प्रथम चरण में कुल 68.29 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति-वार मतदान प्रतिशत के अनुसार चौमूं में 68.75 प्रतिशत, दूदू में 70.52 प्रतिशत, गोविंदगढ़ में 66.81 प्रतिशत, झोटवाड़ा में 73.65 प्रतिशत, जोबनेर में 69.62 प्रतिशत, किशनगढ़ रेनवाल में 62.87 प्रतिशत, मौजमाबाद में 71.44 प्रतिशत तथा सांभर में 65.45 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि अंतिम रिपोर्ट के अनुसार चौमूं में 95,289, दूदू में 46,779, गोविंदगढ़ में 68,066, झोटवाड़ा में 43,197, जोबनेर में 65,145, किशनगढ़ रेनवाल में 62,969, मौजमाबाद में 67,117 तथा सांभर में 59,234 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक के निर्देशन में प्रथम चरण के मतदान के लिए आवश्यक निर्वाचन व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।


मतदान दलों को 21 अक्टूबर को श्री भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज परिसर से ईवीएम एवं मतदान सामग्री के साथ निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया था। मतदान दलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान सम्पन्न कराने तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। प्रथम चरण की मतदान प्रक्रिया के बाद पंच एवं सरपंच पदों के लिए 23 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

इसके बाद 24 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान होगा तथा 25 अक्टूबर को उपसरपंच का चुनाव कराया जाएगा

पोलैंड के पीएम टस्क-प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

भारत और पोलैंड का 2030 तक व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य

नई दिल्ली/संचार जगत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और पोलैंड ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का साझा लक्ष्य रखा है। दोनों देश कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाकर दुनिया के लिए भरोसेमंद आपूर्ति व्यवस्था विकसित करने की दिशा में भी काम करेंगे।

मोदी ने भारत यात्रा पर आए पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि 2024 में उनकी पोलैंड यात्रा में दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। पिछले दो वर्षों में इस साझेदारी ने नई गति पकड़ी है और हाल की बैठक में इसे और मजबूत करने के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। पीएम ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए लागू होने पर भारत से पोलैंड को मशीनरी, रसायन, प्लास्टिक और इंजीनियरिंग सामान के निर्यात के नए अवसर खुलेंगे।

किशनगढ़ बास में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का भव्य समापन, कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

किशनगढ़ बास। कला मंच समिति द्वारा आयोजित 14 दिवसीय श्री रामलीला का बुधवार रात्रि को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला के साथ भव्य समापन हुआ।

मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि समापन से पूर्व भगवान श्रीराम के माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी सहित अयोध्या लौटने और भरत मिलाप की भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम के



राज्याभिषेक की लीला प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के समापन पर समिति की ओर से रामलीला के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं को पारितोषिक वितरित कर सम्मानित किया गया। समिति ने आयोजन में सहयोग के लिए प्रशासन, नगर पालिका, नगरवासियों एवं मीडिया समूह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उमेश कांत वशिष्ठ, चंद्रप्रकाश शर्मा, राकेश तिवारी, खेमचंद्र यादव, हरिओम गुप्ता, हरीश गोयल, विकास गोयल, गजेंद्र यादव, हनुमान यादव, गजेंद्र रोहिल्ला, रामपाल यादव, हरिशंकर सोनी, विक्की सोनी, नवीन जैन, वीरेंद्र सोनी, महावीर अग्रवाल, महिपाल जांगिड़, निक्की जांगिड़, डिंपल जांगिड़, पंकज सोनी, दीपक सैनी, पंकज सैनी, संजय शर्मा, सागर सिंघल, शिवहरी गुर्जर, धीरज सोनी, विशाल सोनी, विनोद गोयल, राजेंद्र मित्तल सहित समिति के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हादसे के शिकार युवाओं के परिजनों से मिलीं राखी गौतम

संचार जगत

कोटा। विज्ञान नगर क्षेत्र में माताजी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूबने से चार युवाओं की असामयिक मृत्यु के बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने शोकाकुल परिवारों के निवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दुःख की इस घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाया तथा ईश्वर से दिवंगत युवाओं की आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस दर्दनाक हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए राखी गौतम ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब संबंधित स्थान पर प्रतिमा विसर्जन होना पहले से निर्धारित था, तो वहां गोताखोरों, सुरक्षा कर्मियों और बचाव के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए। यदि समय रहते सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए होते, तो इस तरह की दुखद घटना को रोकने में मदद मिल सकती थी। उन्होंने हादसे की जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता जताई।

उद्यमियों ने चीन-हांगकांग यात्रा में सीखे वैश्विक व्यापार के गुर

संचार जगत

कोटा। स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के 70 सदस्यीय उद्यमी प्रतिनिधिमंडल ने चीन और हांगकांग का अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक दौरा किया। अध्यक्ष दीपक मेहता, सचिव समीर सूद और कोषाध्यक्ष राहुल जैन के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने हांगकांग में ग्लोबल सोर्सेज इलेक्ट्रॉनिक्स फेयर तथा रोबोटिक्स एंड एआई फेयर का अवलोकन किया। इसके साथ ही ग्वांगझोउ में आयोजित प्रसिद्ध कैंटन फेयर में भाग लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की विनिर्माण क्षमता और आपूर्ति नेटवर्क का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। यात्रा के दौरान उद्यमियों ने शेनझेन के इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार, फोशान के फर्नीचर बाजार और ग्वांगझोउ के व्यापारिक केंद्रों का दौरा किया। साथ ही, 30 से अधिक उन्नत औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कर आधुनिक उत्पादन प्रणाली, ऑटोमेशन और गुणवत्ता नियंत्रण की कार्यप्रणाली को समझा।

पुस्तकालयाध्यक्ष (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023

मुख्य सूची में 246 अभ्यर्थी सफल घोषित

संचार जगत

जयपुर। आरपीएससी ने पुस्तकालयाध्यक्ष (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 की मुख्य सूची जारी की है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती की लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर अभ्यर्थियों के साक्षात्कार गत 1 जून से 9 अक्टूबर तक हुए, जिसके बाद 246 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

पुलिसकर्मियों की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर सहायता राशि बढ़ाने पर मंथन

राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक

डीजीपी की अध्यक्षता में कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर चर्चा

संचार जगत

पुलिस लाइनों में सुविधाएं, सीएसआर से सहयोग और ग्रीन ड्राइव भी विचार



जयपुर। राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में हुई। समिति के अध्यक्ष एवं महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके बाद पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा के साथ विभिन्न नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मिलने वाली सहायता का दायरा बढ़ाने पर मंथन हुआ। वर्तमान में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु होने या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बढ़ाने के सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया।

पुलिस परिसरों में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन ड्राइव शुरू करने का सुझाव भी सामने आया। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जरूरत के समय बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। न्यास के कोष को मजबूत करने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत संस्थानों से सहयोग प्राप्त करने और पुलिसकर्मियों की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के विकल्पों पर भी चर्चा हुई। डीजीपी शर्मा ने कहा कि कार्मिक कल्याण पुलिस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। न्यास का दायरा बढ़ाने और पुलिसकर्मियों के हित में कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिए गए सुझावों पर कार्य किए जाएं। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वी.के. सिंह, महासचिव एवं महानिरीक्षक पुलिस कैलाशचंद विश्नोई, जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

विकसित भारत बनाने में युवाओं की बड़ी भूमिका : सीएम धामी

संचार जगत

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूपीईएस विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देने की अपील की। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी देश के प्रतिभाशाली युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके माता-पिता तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना की। धामी ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री हासिल करने का अवसर नहीं बल्कि जीवन के नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने युवाओं को जीवनभर सीखते रहने की सलाह देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति पूरी तरह परिपूर्ण नहीं होता। जीवन के अंतिम पड़ाव तक सीखने की भावना बनाए रखने वाला व्यक्ति ही संतोष और सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में कुछ घटनाओं के दौरान अराजकता, अनुशासनहीनता और बड़ों के प्रति सम्मान में कमी जैसी स्थितियां देखने को मिलीं। युवाओं को ऐसी परिस्थितियों में विवेक और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना चाहिए। कुछ ताकतें एक बार फिर से युवाओं को भ्रमित करने की कोशिश करेंगी। लेकिन, किसी भी बहकावे में नहीं आना है।

बाइक राइडर्स सिर्फ यात्री नहीं, नशामुक्त भारत के संदेशवाहक हैं : डीजीपी राजीव कुमार शर्मा

पुलिस बैंड ने धुनों और जयपुवासियों ने तालियों से स्वागत किया

डीजीपी ने बढ़ाया हौसला, दिलाई नशामुक्ति की शपथ, दिखाई हरी झंडी

संचार जगत



रैली जयपुर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई अजमेर के लिए रवाना

जयपुर। नशे के खिलाफ जन-जागरूकता और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर निकली राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली गुरुवार सुबह जयपुर के अल्बर्ट हॉल पहुंची। यहां महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने राइडर्स का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद डीजीपी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को अजमेर के लिए रवाना किया।

डीजीपी शर्मा ने कहा कि राइडर्स की वर्दी, भाषा और खानपान अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक ही है- नशामुक्त भारत निर्माण। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने में हम सभी को एकजुटता से सामूहिक जिम्मेदारी निभानी है। राइडर्स केवल यात्री नहीं, बल्कि नशामुक्त भारत के संदेशवाहक हैं। उनकी असली ताकत अनुशासन है।

नशामुक्ति की शपथ- डीजीपी ने बाइक राइडर्स को 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर की राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही स्वयं नशे से दूर रहने, परिवार व समाज को नशामुक्त रखने, राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और किसी भी आयोजन में नशीले पदार्थ नहीं परोसने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस जल्द ही नशामुक्त राजस्थान के लिए व्यापक अभियान चलाएगी। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक लड़ाई है।

बीकानेर हाउस में आयोजित प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज़ फाइनल' के संबंध में प्रेस वक्तव्य

संचार जगत

जयपुर। बीकानेर हाउस कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए समर्पित एक सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है। इस हाउस के प्रांगण में आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों और उससे संबंधित गतिविधियों के लिए बीकानेर हाउस प्रबंधन समिति की नीति का अनुपालन करना आवश्यक है।

बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज़ फाइनल' के एक भाग के रूप में प्रदर्शित कुछ तस्वीरें बीकानेर हाउस मैनेजमेंट सोसाइटी की नीति के अनुरूप नहीं पाई गईं। तदनुसार, उन्हें हटाने का अनुरोध किया गया। जो तस्वीरें सोसाइटी की नीति के अनुरूप थी, उन तस्वीरों का प्रदर्शन जारी रखा गया है।

जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित] विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं

जनरल मेडिसिन हड्डी एवं रीढ़ रोग, नाक-कान-गला, मनोरोग, दंत एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों ने दिया परामर्श

संचार जगत



जयपुर। जोधपुर डिस्कॉम एवं व्यास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय] न्यू पावर हाउस में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच की सुविधा भी रखी गई। शिविर में जनरल फिजीशियन डॉ. पी.आर. लिम्बा] हड्डी एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष जोशी] नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विभोर कुमार तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव कच्छावा ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त दंत चिकित्सक टीम एवं नेत्र रोग विभाग की टीम ने भी शिविर में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर के प्रबंधन की जिम्मेदारी हेल्थ कैंप मैनेजर डॉ. हितेश लबाना ने संभाली। आयोजन समिति के पारस प्रजापत एवं उनकी टीम ने शिविर की व्यवस्थाओं और समन्वय में सहयोग किया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं एवं प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम

अक्टूबर में 11,928 गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण, 6,175 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को एएनसी कवरेज

अस्पतालों में दवाओं एवं सर्जिकल आइटम्स की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

विगत एक माह में 19 मेडिकल कॉलेजों और 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु दर्ज

संचार जगत



जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। प्रसव पूर्व देखभाल, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की समय पर पहचान एवं प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समीक्षा बैठक में प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्टूबर माह में 19 मेडिकल कॉलेजों एवं 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु दर्ज होना सकारात्मक उपलब्धि है।

वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं, एचआरपी की पहचान एवं प्रबंधन, मातृ मृत्यु, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, दवाओं एवं सर्जिकल आइटम्स की उपलब्धता तथा रेफरल परिवहन सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षकों, गायनी विभागाध्यक्षों, संयुक्त निदेशकों एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से चर्चा कर फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका उचित उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। अक्टूबर माह में 11,928 एएनसी पंजीकरण दर्ज किए गए तथा 6,175 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को एएनसी कवरेज प्रदान किया गया। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को माह में दो बार समीक्षा बैठक आयोजित कर एचआरपी की पहचान, प्रबंधन एवं फॉलोअप की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर (ओटी) के निर्माण तथा पुराने ऑपरेशन थियेटर्स को मॉड्यूलर ओटी में अपग्रेड करने के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2026-27 में प्रदेश के 35 मेडिकल कॉलेजों में मॉड्यूलर ओटी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने नए मॉड्यूलर ओटी के निर्माण एवं पुराने ओटी के अपग्रेडेशन के लिए प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य अस्पतालों में दवाओं और सर्जिकल आइटम्स की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं एवं सर्जिकल आइटम्स की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने गर्भवती महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों के लिए संचालित 104 जननी एक्सप्रेस तथा आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 की उपलब्धता की समीक्षा की। 19 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इन सेवाओं के माध्यम से कुल 39,436 ट्रिप दर्ज किए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रेफरल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें आवश्यक उपचार के लिए उचित स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाने में देरी न हो। प्रदेश में सरकारी चिकित्सा संस्थाओं प्रसव सखियों की संख्या 1,318 है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आसपास के डिलीवरी पॉइंट्स पर कार्यरत चिकित्सकों एवं स्टाफ की मेंटरिंग लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसव एवं जांच सेवाओं के उचित दस्तावेजीकरण तथा स्वास्थ्यकर्मियों के कौशल उन्नयन के लिए भी आवश्यक प्रयास करने पर बल दिया। बैठक में मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम, प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल पुखराज सैन, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा बाबूलाल गोयल, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर, मुख्य अभियंता सिविल अक्षय कुमार जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम ई-बस सेवा योजना के मसले पर बैठक आयोजित



संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में पीएम ई-बस सेवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत सभी लंबित कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के सुचारु संचालन एवं बस डिपो में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। इस मौके पर उन्होंने जयपुर में संचालित सरकारी एवं निजी बसों की संख्या, उनकी कार्यप्रणाली तथा निगरानी व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न बस सेवाओं के बीच समन्वय सुनिश्चित करने तथा इलेक्ट्रिक बसों के संचालन वाले स्थानों पर ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड को क्रियाशील बनाने ने निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निजी बस संचालकों को इलेक्ट्रिक बसों की ओर स्थानांतरित करने की संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा। बैठक में योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जयपुर के टोडी डिपो में बिजली कनेक्शन से संबंधित लंबित कार्य, विभिन्न स्वीकृत स्थानों पर बस डिपो के लिए भूमि की उपलब्धता तथा इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग सुविधाओं के विकास सम्बन्धी विषयों पर चर्चा हुई।

पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास समिति की बैठक में सुविधाओं पर हुआ विचार



संचार जगत

जयपुर। पुलिस मुख्यालय में राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके बाद पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा के साथ विभिन्न नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मिलने वाली सहायता का दायरा बढ़ाने पर मंथन हुआ। वर्तमान में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु होने या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बढ़ाने के सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया। पुलिस परिसरों में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन ड्राइव शुरू करने का सुझाव भी सामने आया। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जरूरत के समय बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

बाइक राइडर्स सिर्फ यात्री नहीं नशामुक्त संदेशवाहक भी : डीजीपी

संचार जगत



जयपुर। नशे के खिलाफ जन-जागरूकता और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर निकली राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली गुरुवार सुबह जयपुर के अल्बर्ट हॉल पहुंची। यहां महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने राइडर्स का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद डीजीपी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को अजमेर के लिए रवाना किया। इस मौके पर डीजीपी शर्मा ने कहा कि राइडर्स की वर्दी, भाषा और खानपान अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक ही है-नशामुक्त भारत निर्माण। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ष 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने में हम सभी को एकजुटता से सामूहिक जिम्मेदारी निभानी है। राइडर्स केवल यात्री नहीं, बल्कि नशामुक्त भारत के संदेशवाहक हैं। उनकी असली ताकत अनुशासन है। डीजीपी ने बाइक राइडर्स को नशे से दूर रहने, परिवार और समाज को नशामुक्त रखने, राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और किसी भी आयोजन में नशीले पदार्थ नहीं परोसने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस जल्द ही नशामुक्त राजस्थान के लिए व्यापक अभियान चलाएगी।

प्रदर्शनी से तस्वीरें हटाने पर मचा बवाल

गहलोत ने बताया सेंसरशिप

संचार जगत



जयपुर । दिल्ली के बीकानेर हाउस में लगी कलाकार रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से 70 से ज्यादा तस्वीरें हटाए जाने पर सियासत तेज हो गई है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कड़ी निंदा करते हुए इसे सेंसरशिप बताया और भाजपा पर सवाल उठाए हैं। अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है और वहां से तस्वीरें हटाना एक युवा कलाकार की अभिव्यक्ति को दबाने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब भाजपा की देखरेख में हुआ है।

पॉलिसी पढ़कर ही चुनी थी तस्वीरें- रेहान



नई दिल्ली । कांग्रेस सांसद प्रियंका वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की दिल्ली के बीकानेर हाउस में होने वाली सोलो फोटो प्रदर्शनी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बीकानेर हाउस प्रबंधन द्वारा 70 से ज्यादा तस्वीरों को हटाने के लिए कहे जाने पर रेहान वाड्रा ने कहा कि उन्होंने बीकानेर हाउस की पॉलिटिकल कंटेंट से जुड़ी पॉलिसी को पढ़ने के बाद ही अपनी तस्वीरों का चयन किया था।

पशुपालन विभाग ने आयोजित किया आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

संचार जगत



जयपुर। पशुपालन विभाग के नवनियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारियों का विभागीय आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम पशुपालन विभाग ने आयोजित किया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीना ने सरकारी नौकरी की महत्ता बताते हुए कहा कि सरकारी सेवा में नियुक्ति महज एक पद प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह समाज, पशुपालकों, पशुधन और देश के प्रति एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण दायित्व को निभाने का अवसर है। उन्होंने पशुपालक सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने, पशु चिकित्सालयों में रिकॉर्ड संधारण करने और अनुशासन, समयबद्धता एवं प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

देवनानी ने छत्तीसगढ़ के सीएम से की मुलाकात

संचार जगत



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार भेंट की। स्पीकर देवनानी ने मुख्यमंत्री साय का पुष्प गुच्छ भेंट कर और दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न विषयों और मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान आपसी संवाद एवं समन्वय के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। देवनानी ने रायपुर स्थित पूज्य शदाणी दरबार पहुंचकर दर्शन किए। शदाणी दरबार के नवम पीठाधीश्वर परम पूज्य संत युधिष्ठिर लाल से भेंट स्पीकर देवनानी ने भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संत युधिष्ठिर लाल ने स्पीकर देवनानी का अभिवादन किया। इस दौरान देवनानी की संतों से सेवा, सत्संग, संस्कार और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

रोडवेज और टेंपो की भिड़ंत में तीन की मौत



जालोर। रामसीन-भीनमाल स्टेट हाईवे पर रोडवेज बस और टेंपो की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत के लिए एंबुलेंस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस तथा टेंपो को जब्त कर लिया। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

पर्यटन सहायता बल बनी सैलानियों की मददगार

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा और सहायता के लिए तैनात राजस्थान पुलिस की पर्यटन सुरक्षा बल लगातार अपनी बेहतरीन कार्यशैली से न केवल कानून व्यवस्था संभाल रही है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की अनूठी मिसाल भी पेश कर रही है। पर्यटन पुलिस की टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में पर्यटकों को तत्काल मदद उपलब्ध कराई, जिस पर पर्यटकों ने वीडियो संदेश जारी कर पुलिस का आभार जताया। हैदराबाद से जयपुर घूमने आए अहमद नदीमुद्दीन का बेटा आमेर में भ्रमण के दौरान भीड़ में बिछड़ गया था। सूचना मिलने पर पर्यटन पुलिस की महिला कार्मिकों ने तत्परता से बच्चे की तलाश की और उसे सकुशल पिता से मिलवाया। मुंबई से आए पर्यटकों की ट्रेन छूट गई थी और किसी भी ट्रेन में स्थान उपलब्ध नहीं था। ऐसे में पर्यटन पुलिस की कार्मिक रीतू और पर्यटन पुलिस टीम ने उनकी हरसंभव मदद की।

रोटरी क्लब लगाएगा निःशुल्क पोलियो बूथ

कोटा। विश्व पोलियो दिवस पर रोटरी क्लब कोटा पोलियो उन्मूलन अभियान के अंतर्गत टीलश्वर चौराहे पर निशुल्क पोलियो बूथ लगाया जाएगा। इस बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। पोलियो उन्मूलन के इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षित रखना तथा स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना है। पोलियो उन्मूलन चेयरमैन चंद्रकांत खंडेलवाल एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन किशोर सापरा ने बताया कि रोटरी का यह सेवा प्रकल्प आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है।

जयपुर में रिटायर्ड कर्नल ने खुद को गोली मारी

संचार जगत

जयपुर। जयपुर सेना के रिटायर्ड कर्नल ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। फायरिंग की आवाज सुनकर पत्नी, बहू और पोता-पोती कमरे में पहुंचे तो वे फर्श पर लहूलुहान हालत में पड़े थे। परिजन तुरंत हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना श्याम नगर थाना क्षेत्र के रेल नगर की गुरुवार सुबह 10:30 बजे की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। प्रारंभिक जांच में बीमारी से परेशान होकर सुसाइड करने की बात सामने आ रही है। एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोते की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम नगर थानाधिकारी हरिसिंह दूधवाल ने बताया- रेल नगर निवासी रिटायर्ड कर्नल लालसिंह ने अपने घर पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। हादसे के समय उनकी पत्नी, बहू और पोता-पोती घर पर ही थे। एफएसएल टीम ने घटना स्थल से सबूत जुटाए। प्रारंभिक जांच में बीमारी से परेशान होकर सुसाइड करने की बात सामने आई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करने के साथ एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच करेगी।

खाद की किल्लत का मुद्दा गरमाया



बारां। राजस्थान में खाद की किल्लत का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। बारां जिले के छबड़ा में खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने विरोध जताया, तो किसान नेता नरेश मीणा भी किसानों की आवाज उठाने मौके पर पहुंचे। हाथ में लाठी लेकर सड़कों पर उतरे नरेश मीणा ने एसडीएम और कृषि विभाग के अधिकारियों से तीखे सवाल किए। बताया जा रहा है कि कई किसान सुबह करीब चार बजे से खाद लेने के लिए कतारों में लगे थे। इसके बावजूद खाद नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी बढ़ गई। विरोध के दौरान छबड़ा के मुख्य मार्ग पर जाम लगाए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समीक्षा बैठक आयोजित



संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। प्रसव पूर्व देखभाल, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान एवं प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समीक्षा बैठक में बताया गया कि अक्टूबर में 19 मेडिकल कॉलेजों एवं 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु दर्ज होना सकारात्मक उपलब्धि है। वी. श्रीनिवास ने स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं, एचआरपी की पहचान एवं प्रबंधन, मातृ मृत्यु, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, दवाओं एवं सर्जिकल आइटम्स की उपलब्धता तथा रेफरल परिवहन सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षकों, गायनी विभागाध्यक्षों, संयुक्त निदेशकों एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से चर्चा कर फीडबैक लिया।

चुनाव ड्यूटी में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी

भीलवाड़ा । जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने पंचायत आम चुनाव के लिए 21 अक्टूबर को तिलक नगर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण और रवानगी में नियुक्त तीन प्रधानाचार्य और एक व्याख्याता को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ये चारों कर्मचारी राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित अंतिम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे थे। नियुक्ति सेल के कार्मिकों द्वारा दूरभाष पर सम्पर्क कर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु सूचित करने के उपरान्त भी वे अनुपस्थित रहे, जो राजकीय कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही एवं पदीय कर्तव्यों के प्रति उदासीनता का द्योतक है। इस संबंध में उन्हें 3 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जयपुर में सोने की ज्वेलरी बनाने की फैक्ट्री में आग



संचार जगत

जयपुर। जयपुर में सोने की ज्वेलरी बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। हादसे में फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे दो कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 6 कर्मचारी बेहोश हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आइडियल फिजिकल सर्विसेज लिमिटेड में गोल्ड ज्वेलरी बनाने का काम होता है। हादसा करीब 1 बजे हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया। आग पर काबू पा लिया गया है। हादसे में रजनीश निवासी चंदौली जिला यूपी और सरस्वती निवासी रीवा मध्य प्रदेश की मौत हो गई। वहीं अजय पाल निवासी बरेली यूपी, लालमोहन निवासी मिदनापुर वेस्ट बंगाल, संदीप सिंह निवासी रीवा मध्यप्रदेश, बबूल निवासी रीवा मध्यप्रदेश सहित 6 घायल हो गए। घायलों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भिजवाया गया है।

निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर कैरिंग चार्ज वसूला



संचार जगत

जयपुर। नगर निगम जयपुर ने शहर में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला और छह कैंटर सामान जब्त किया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर गुरुवार को सतर्कता शाखा ने विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान वीटी रोड मध्यम मार्ग, विजयपथ, मानसरोवर के शिप्रापथ और गोल्यावास, संजय नगर स्थित शनि मंदिर, मालवीय नगर के प्रधान मार्ग तथा प्रताप नगर के सेक्टर-8 में अस्थायी अतिक्रमण हटवाए गए। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण में इस्तेमाल हो रहे सामान को जब्त कर छह कैंटर में भरवाया और गोदाम में भिजवा दिया। साथ ही, मौके पर अस्थायी अतिक्रमण करने वालों से 20 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने संबंधित लोगों को समझाइश भी दी और भविष्य में अस्थायी अतिक्रमण समय रहते हटाने के लिए मौखिक रूप से पाबंद किया।

केंद्रीय दल ने योजनाओं की प्रगति को सराहा



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में पशुपालन विभाग के अंतर्गत चल रही विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जमीनी हकीकत और प्रगति का जायजा लेने आया केंद्र सरकार के तीन सदस्यीय विशेष दल का दौरा संपन्न हो गया। केंद्र सरकार के तीन सदस्यीय विशेष दल ने इस संबंध में प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले और संयुक्त सचिव दिनेश कुमार जांगिड़ के साथ चर्चा की। इस उच्च स्तरीय दल ने 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर योजनाओं का व्यापक फीडबैक लिया। दौरे के समापन पर आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय दल ने राजस्थान में पशुपालकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया। टीम ने राज्य में हुए कार्यों की सराहना करते हुए मुख्य रूप से मोबाइल वेटरनरी यूनिट, पशु बीमा कार्य तथा टीकाकरण अभियान को उत्कृष्ट बताते हुए राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत संचालित इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम योजना की भी सराहना की। विशेष दल ने थारपारकर नस्ल के संवर्धन हेतु विशेष प्रयास करने पर बल दिया।




पीडब्ल्यूसी ने कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

संचार जगत

जयपुर। जेडीए द्वारा जयपुर को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं बेहतर आधारभूत सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करने तथा शहर के विकास से जुड़े कार्यों को गति देने के लिए जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क विकास, यातायात सुगमता, सड़क सुरक्षा, विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग, स्मार्ट सिटी परियोजना के संचालन एवं संधारण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक में गोपालपुरा अंडरपास निर्माण कार्य, आरओबी सिविल लाइंस के नीचे स्पोर्ट्स एरिना विकसित करने और गांधीपथ पर फुटपाथ निर्माण के लिए 6.94 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जोन-9 की प्रमुख सड़कों पर सड़क सुरक्षा संबंधी आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं उन्नयन के प्रस्ताव पर विचार किया गया। बैठक में जेडीए सचिव डॉ. गौरव सैनी, निदेशक योजना मृणाल जोशी, निदेशक वित्त सुरेश वर्मा, निदेशक अभियांत्रिकी देवेंद्र गुप्ता, अजय गर्ग, संजीव जैन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

कर चोरी के विरुद्ध प्रदेशभर में 8 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सर्वे

संचार जगत



जयपुर। प्रदेश में कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभाग ने 13 एवं 14 अक्टूबर को प्रदेश के विभिन्न जिलों में किराना, निर्माण, मार्बल, हार्डवेयर, लुब्रिकेंट एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े आठ प्रतिष्ठानों पर सर्वे एवं जांच की कार्रवाई की। इन प्रकरणों में विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा लगभग एक करोड़ 43 लाख 67 हजार रुपये की राशि जमा एवं आईटीसी रिवर्स की गई। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठानों से संबंधित अभिलेखों, स्टॉक एवं कारोबारी लेन-देन की जांच जारी है। विभागीय जांच में कारोबार छिपाने, बिक्री के अनुरूप कर जमा नहीं कराने, गलत तरीके से आईटीसी का लाभ लेने, कर विवरणियों में अंतर तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार ई-इनवॉइस जारी नहीं करने जैसी अनियमितताओं की आशंका सामने आई है। विभाग ने जयपुर, रींगस, बारां, अलवर सीकर जिले के कई व्यावसायिक संस्थानों पर यह कार्रवाई की।

विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कर चोरी, कारोबार छिपाने, गलत आईटीसी का लाभ लेने तथा जीएसटी प्रावधानों की अवहेलना करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही व्यापारियों से समय पर सही विवरणियां दाखिल करने, वास्तविक कर देयता का भुगतान करने तथा पारदर्शी व्यावसायिक लेन-देन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

संपादकीय

तपोवन की खुली धूप

हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया शीतकालीन सत्र का कैलेंडर बदलने का संकल्प ले रहे हैं, तो यह कदम नए दौर का सारथी बनेगा। तपोवन का सदन कुछ सालों से सियासत का मूड बदलता रहा है। खुद को मैदान की परिभाषा से जोड़ते हुए उन संस्कारों को ऊर्जा देता है जो पूरे प्रदेश की नुमाइंदगी में शिमला से इतर अपना मुकाम स्थापित करते हैं। यह सत्ता का एक ऐसा प्रतिष्ठापन है जिसे धीरे धीरे कबूल करते हुए राजनीति की मंजिलें बदलीं और क्षेत्रीय मजमून सुदृढ़ हुए। सदन की बहस के मापतोल धौलाधार के आंचल में बदले, मुलाकात करने के दौर बदले और फरियादियों के स्रोत बदले। कुछ आसानियां उपलब्ध हुईं, तो जाते वर्ष की निगरानी में अगले वर्ष का न्योता तपोवन से मिलता रहा। पिछले कुछ चुनावों के बाद नए विधायकों के शपथ उच्चारण यहीं से उन्हें मुकम्मल बनाते दिखे, तो सरकार का कारवां भी अपना कद दिखाता निकला। जाहिर तौर पर शीतकालीन सत्र की गंभीरता को माननीय अध्यक्ष ने आगे बढ़ाया और बैठकें फर्ज अदायगी से आगे राज्य के मसलों को बड़ा करके देखने लगीं। न केवल सदन के आशय में तपोवन एक सियासी गुलदस्ता बना, बल्कि साथ लगते जोरावर स्टेडियम ने इस दौरान हिमाचल का आक्रोश देखा है। सरकार के समक्ष जोरावर स्टेडियम की तहरीरें बुलंद हुईं, तो शिमला का व्यवहार धर्मशाला आकर सादा और सामान्य हो गया। वर्षों से शिमला की दूरबीन जो निचले हिमाचल में नहीं देख पाई, उसके यथार्थ में तपोवन की प्रतिष्ठा एक अलग शब्दकोष तैयार कर रही है। शिमला से चंबा तक देखना या ऊना तक बहती नदियों का उफान महसूस करना, आसान था भी नहीं, इसलिए ऊना, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, कांगड़ा और चंबा के सरोकार खुली धूप का प्रदर्शन करते हुए यहां आकर उससे पहाड़ नीचे हो जाते हैं। समीकरण बदल कर देखें, तो इतिहास नजर आता है, पलकों पर बैठा कर मंजूर करें, भूगोल अपने वजूद पर इतराता है। तपोवन की आजमाइश में हमीरपुर से प्रो. प्रेम कुमार धूमल के बाद सुखविंद्र सुक्खू और एक बार मंडी से जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री पद पर विराजित हो पाए हैं। शिमला से तपोवन तक कितने ही पुलों के नीचे से पानी गुजर जाता है। अब पुलों के आगे हिमाचल के हर पल की समीक्षा होने लगी। यही पल सहेज कर अध्यक्ष ने दिसंबर की बहस को नवंबर की सियासी बहारों से जोड़ने का इरादा जाहिर किया है। यह प्रशासनिक तौर पर आया एक माकूल फैसला है, जो जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच सहमति और सहूलियत को पुख्ता करेगा। यह दीगर है कि तपोवन सत्र का श्रृंगार शिमला से अलग है। यहां जमीन की भूख, सरकारों के प्रति आस्था, स्वागत के तोरणद्वार और साल भर का इंतजार किसी फूल की तरह खिलता है।

विरोध-प्रदर्शन और आर्थिक विकास के बीच संतुलन का महत्व

जब किसी बड़े शहर या राष्ट्रीय राजधानी में आंदोलन के कारण प्रतिबंध लगाए जाते हैं और मार्ग अवरुद्ध होते हैं, तो इसका सीधा असर व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ता है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुमानों के अनुसार हालिया विरोध-प्रदर्शनों के कारण प्रतिदिन सैकड़ों करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ, जिससे व्यापार को हजारों करोड़ रुपये का भारी नुकसान झेलना पड़ा।


लोकतंत्र में असहमति प्रकट करना, सरकार से सवाल पूछना और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। परंतु जब विरोध-प्रदर्शन का स्वरूप अराजकता, अव्यवस्था और सड़कों को ठप करने तक पहुंच जाता है, तब यह न केवल आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त करता है, बल्कि देश के आर्थिक विकास, निवेश के माहौल और करोड़ों लोगों के रोजगार पर भी गंभीर चोट पहुंचाता है। हाल के दिनों में जिस प्रकार राजनीतिक दलों और कुछ संगठनों द्वारा केवल कुछ हजार लोगों के सहारे सार्वजनिक जीवन को प्रभावित कर सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है, वह लोकतंत्र की परिपक्वता पर सवाल खड़े करता है। इस बात को गहराई से समझने की आवश्यकता है कि सड़कों पर उत्पन्न होने वाली यह अराजकता अंततः देश के अंतिम पायदान पर खड़े आम आदमी और दैनिक वेतनभोगियों की आजीविका को किस तरह संकट में डाल देती है। जब किसी बड़े शहर या राष्ट्रीय राजधानी में आंदोलन के कारण प्रतिबंध लगाए जाते हैं और मार्ग अवरुद्ध होते हैं, तो इसका सीधा असर व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ता है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुमानों के अनुसार हालिया विरोध-प्रदर्शनों के कारण प्रतिदिन सैकड़ों करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ, जिससे व्यापार को हजारों करोड़ रुपये का भारी नुकसान झेलना पड़ा। यह आर्थिक नुकसान केवल बड़े कारोबारियों या शोरूम मालिकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी सबसे कड़ी मार उन लोगों पर पड़ती है जो प्रतिदिन की कमाई से अपने परिवार का पेट पालते हैं। दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी, माल की



आवाजाही करने वाले वाहन चालक, छोटे थोक व्यापारी, पैकिंग करने वाले श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले और आसपास चाय या खान-पान की छोटी दुकानें चलाने वाले लोग इस अव्यवस्था से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। बड़े व्यापारी कुछ समय तक इस तरह के झटकों को सहन कर सकते हैं, लेकिन एक दिहाड़ी मजदूर के लिए एक दिन का काम भी छूट जाना उसके परिवार के भोजन, घर के किराये, बच्चों की पढ़ाई और दवाइयों के खर्च पर सीधा संकट खड़ा कर देता है। विशेष रूप से त्योहारों और विवाह के मौसम में इस प्रकार के आंदोलनों का नकारात्मक प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। त्योहारों के समय खुदरा व्यापारियों को यह उम्मीद रहती है कि कपड़े, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपहार, मिठाइयों और अन्य घरेलू सामानों की मांग बढ़ेगी, जिससे वे पूरे साल के घाटे की भरपाई कर सकेंगे। इसके लिए व्यापारी महीनों पहले से अतिरिक्त माल खरीदते हैं, कर्मचारियों का प्रबंध करते हैं और भारी किराया तथा अन्य खर्च वहन करते हैं। परंतु जब सड़कों पर अराजकता या अव्यवस्था का माहौल बनता है, तो ग्राहक सुरक्षा और यातायात की समस्याओं के डर से बाजारों तक नहीं पहुंच पाते। इसके परिणामस्वरूप बाजार सूने रह जाते हैं, माल दुकानों में पड़ा रह जाता है और व्यापारियों को भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ता है, जो पूरी अर्थव्यवस्था की चक्रिय गति को सुस्त कर देता है। सामाजिक अशांति का प्रभाव केवल स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह देश के समग्र सकल घरेलू उत्पाद अर्थात जीडीपी पर भी दीर्घकालिक नकारात्मक असर डालता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोधपत्र 'सामाजिक अशांति के व्यापक आर्थिक प्रभाव' में दुनिया भर के कई दशकों के आंकड़ों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया था कि सामाजिक अव्यवस्था का अर्थव्यवस्था पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। इस शोध के अनुसार अशांति की घटनाएं घटने के छह तिमाहियों बाद भी किसी देश की जीडीपी का स्तर औसतन 0.2 प्रतिशत तक नीचे रह सकता है, जबकि बड़े पैमाने पर होने वाली अशांति के मामलों में यह गिरावट लगभग एक प्रतिशत तक पहुंच जाती है। इसका मुख्य कारण विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में उत्पादन का ठप होना, उपभोग में कमी आना तथा देशी और विदेशी निवेशकों के विश्वास में कमजोरी आना है। निवेशकों के मन में यह आशंका घर कर जाती है कि जिस देश या क्षेत्र में नीतियां और व्यावसायिक माहौल सड़कों के प्रदर्शनों से प्रभावित होते हों, वहां निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है। इसके अतिरिक्त, निरंतर होने वाली अराजकता देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को भी धूमिल करती है। आज जब विश्व की प्रमुख आर्थिक एजेंसियां भारत की आर्थिक वृद्धि दर और जीडीपी अनुमानों की सराहना कर रही हैं और भारत को दुनिया के एक मजबूत आर्थिक केंद्र के रूप में देख रही हैं, तब संकीर्ण राजनीतिक या व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए ऐसा माहौल निर्मित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है जो आर्थिक प्रगति में बाधा बने। राजनीतिक नेताओं और आंदोलनों के आयोजकों को यह समझना होगा कि अव्यवस्था फैलाकर जनता का ध्यान आकर्षित करना तो आसान हो सकता है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में केवल सड़कों पर दबाव बनाकर स्थाई बदलाव नहीं लाया जा सकता। लोकतंत्र में सत्ता का परिवर्तन या नीतियों में संशोधन केवल चुनावी जनमत, स्पष्ट नीतिगत विकल्पों, पारदर्शी संवाद और जनता के विश्वास के माध्यम से ही संभव है। वर्तमान समय में भारत का आम नागरिक, विशेषकर युवा और जेन-जी मतदाता, अपनी आजीविका और बेहतर भविष्य को लेकर अत्यधिक जागरूक है। आज का नागरिक केवल भावनात्मक नारों या राजनीतिक दांव-पेंचों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि वह इस आधार पर अपने निर्णय लेता है कि कौन सी नीतियां उसके आर्थिक अवसरों और जीवन स्तर में सुधार कर सकती हैं।

देसी पर्यटन के लिए अलग नीति जरूरी



भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार देसी पर्यटन है। भारत के पर्यटन क्षेत्र ने परंपरागत रूप से विदेशी पर्यटकों, विदेशी मुद्रा आय और छुट्टियों के दौरान की जाने वाली उच्च मूल्य वाली यात्राओं पर काफी जोर दिया है। वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का 5.22 फीसदी योगदान होने का सरकारी अनुमान है, जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 8.46 करोड़ नौकरियां पैदा करता है। यह अर्थव्यवस्था के कुल रोजगार में लगभग 13.3 फीसदी योगदान है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद का अनुमान है कि 2025 में देसी पर्यटकों द्वारा किया गया खर्च 203 अरब डॉलर या लगभग 17.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो भारत के कुल यात्रा एवं पर्यटन खर्च का 86 फीसदी है और इसमें सालाना 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। देश में रात भर की यात्राओं में से लगभग 48 फीसदी तीर्थयात्रा या अन्य धार्मिक उद्देश्यों के लिए थीं, जबकि स्वास्थ्य और चिकित्सा संबंधी यात्राएं 29.6 फीसदी थीं। इनमें से ग्रामीण भारत में 38.4 फीसदी, जबकि शहरी भारत में 16.5 फीसदी यात्राएं की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन 29,454 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 41,649 रुपये प्रति यात्रा खर्च होती है। ग्रामीण परिवार इस खर्च का लगभग 75 फीसदी दवाओं और अन्य उपचार संबंधी मदों पर खर्च करते हैं, जबकि सरकारी प्रतिपूर्ति केवल 8.2 फीसदी ही होती है। जिन परिवारों को स्थानीय स्तर पर विशेष स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध न होने के कारण यात्रा करनी पड़ती है, उनके लिए यह स्वैच्छिक पर्यटन खर्च नहीं है। देसी पर्यटन मुख्य रूप से सड़क और रेल नेटवर्क पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों में रात भर की यात्रा वाले पर्यटकों की यात्राओं में बसों का हिस्सा 32 फीसदी था, जबकि शहरी क्षेत्रों में ट्रेनों का हिस्सा 35.1 फीसदी था। किराये पर लिए परिवहन का ग्रामीण यात्राओं में 30.4 फीसदी हिस्सा था। आमतौर पर ठहरने की जगह पारंपरिक होटल बाजार से बाहर होती है। ग्रामीण क्षेत्रों के रात भर रुकने वाले पर्यटकों में से केवल 16.7 फीसदी ने होटल या गेस्ट हाउस का उपयोग किया, 13.5 फीसदी मित्रों और रिश्तेदारों के यहां रुके और 27.7 फीसदी ने अन्य गैर-व्यावसायिक आवास का उपयोग किया। इसलिए, यह केवल पर्यटन की कहानी नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच, सार्वजनिक परिवहन और क्षेत्रीय विकास की कहानी भी है। ग्रामीण यात्रा में बसों और शहरी यात्रा में ट्रेनों की प्रधानता को देखते हुए, नीति में एक संकीर्ण होटल-और-हवाई अड्डे मॉडल के बजाय किफायती कनेक्टिविटी, स्वच्छता, आवास और स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क को प्राथमिकता देनी चाहिए। तीर्थ स्थलों और अन्य अधिक भीड़भाड़ वाले स्थलों पर किफायती आवास भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। जिला स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने से महंगी चिकित्सा यात्राओं को कम किया जा सकता है। भारत को अंतरराष्ट्रीय और उच्च मूल्य वाले पर्यटन को बढ़ावा देना जारी रखना चाहिए, जिसका बहुत बड़ा गुणक प्रभाव हो सकता है, लेकिन देसी मांग के लिए एक अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

सैटेलाइट इंटरनेटः नीतिगत असंगति और नियामकीय रुकावटें

भारत में सैटेलाइट इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सेवाओं को शुरू करने को लेकर हाल के दिनों में सामने आई तकरार ने देश की प्रशासनिक और नियामकीय व्यवस्था में व्याप्त एक गंभीर समस्या को उजागर किया है। इस पूरे विवाद की शुरुआत स्पेसएक्स और टेस्ला के प्रमुख ईलॉन मस्क के उस बयान से हुई, जिसमें उन्होंने भारत में अपने संभावित प्रतिद्वंद्वियों पर 'एकाधिकारवादी' होने और बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को दबाने का आरोप लगाया। मस्क का सीधा इशारा रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर था, जिस पर उन्होंने स्टारलिंक को मिलने वाली सुरक्षा मंजूरियों में देरी कराने का संदेह जताया। इसके जवाब में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इन आरोपों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि वह खुली प्रतिस्पर्धा का स्वागत करती है और उसकी अपनी सेवा 'जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस' भी खुद सुरक्षा मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही है। इस जुबानी जंग में भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल भी शामिल हुए, जिन्होंने कहा कि उनकी कंपनी इस सेवा को शुरू करने के लिए सबसे लंबे समय से कतार में है। वहीं सरकार की ओर से केंद्रीय संचार मंत्री ने भी भारत में किसी भी प्रकार के एकाधिकार को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि देश में सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध हैं। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यूटेलसैट वनवेब, जियो सैटेलाइट और स्टारलिंक जैसी प्रमुख कंपनियों को भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा संचालित करने का लाइसेंस मिल चुका है, लेकिन इसके बावजूद वे व्यावसायिक रूप से अपनी सेवाएं शुरू करने में असमर्थ हैं। यूटेलसैट वनवेब को 2021 में, जियो सैटेलाइट को 2022 में और स्टारलिंक को 2025 में जीएमपीसीएस लाइसेंस प्राप्त हुआ था। लाइसेंस मिलने के बाद भी कंपनियों को सुरक्षा मंजूरियों के लिए वर्षों इंतजार कराना देश के अनुकूल व्यावसायिक माहौल और 'ईज ऑफ डूइंग



बिजनेस' के दावों पर सवाल खड़े करता है। जब सरकार देश में विदेशी निवेश आकर्षित करने और आर्थिक सुधारों की गति को तेज करने का प्रयास कर रही है, तब इस प्रकार की नियामकीय देरी वैश्विक निवेशकों के बीच निराशा पैदा करती है और देश की निवेश अनुकूल छवि को प्रभावित करती है। सैटेलाइट संचार क्षेत्र में इस विलंब का एक मुख्य कारण विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों के बीच अंतर-विभागीय समन्वय की कमी है। वर्तमान व्यवस्था में ऐसा प्रतीत होता है कि प्रत्येक विभाग एक स्वतंत्र शक्ति केंद्र की तरह कार्य कर रहा है और उनके बीच आवश्यक सामंजस्य का अभाव है। यद्यपि जीएमपीसीएस लाइसेंस दूरसंचार विभाग द्वारा जारी किया जाता है, परंतु सेवा शुरू करने के लिए आवश्यक अन्य मंजूरियां अंतरिक्ष विभाग, गृह मंत्रालय और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधीन आती हैं। स्टारलिंक के मामले में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान उसके संचार नेटवर्क की भूमिका को लेकर भी सुरक्षा जांच की जा रही है। यद्यपि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से गहन जांच-पड़ताल अत्यंत आवश्यक है, परंतु सरकार को पूरी मंजूरी प्रक्रिया के लिए एक पारदर्शी, स्पष्ट और समयबद्ध रूपरेखा तय करनी चाहिए ताकि कंपनियों को यह ज्ञात हो सके कि वे कब तक अपनी सेवाएं शुरू कर सकेंगी।

बहुत कठिन है डगर पनघट की...

अमेरिका में 3 नवंबर के मिडटर्म चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन उम्मीदवारों की रैलियों में विरोध बढ़ता दिख रहा है। साउथ कैरोलिना में ट्रंप की रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट हुई, जबकि राष्ट्रपति ने एक हमलावर समर्थक की तारीफ की। ओहायो में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की रैली में भी एक प्रदर्शनकारी सुरक्षा घेरे के करीब पहुंच गया। आर्थिक मुद्दों और गिरती मंजूरी रेटिंग के बीच ये घटनाएं ट्रंप के लिए चुनौती हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए मिडटर्म चुनाव की राह आसान नजर नहीं आ रही है। रिपब्लिकन उम्मीदवारों के समर्थन में हो रही उनकी रैलियों में लगातार विरोध और हंगामा देखने को मिल रहा है। साउथ कैरोलिना में ट्रंप के भाषण के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। लगभग 4 बार उन्हें बोलने से रोका गया। वहीं एक समर्थक ने प्रदर्शनकारी को मुक्का मार दिया। ट्रंप ने मंच से हमलावर की तारीफ भी की। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की ओहायो में हुई रैली में भी एक प्रदर्शनकारी सुरक्षा घेरे के करीब पहुंच गया और नारे लगाने लगा। ये घटनाएं ऐसे समय हो रही हैं, जब 3 नवंबर के मिडटर्म चुनाव से पहले ट्रंप अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने में लगे हैं। साउथ कैरोलिना के क्लेमसन यूनिवर्सिटी में ट्रंप की रैली के दौरान कम से कम 12 लोगों ने उनके भाषण में व्यवधान डाला। इस दौरान दो प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट भी हुई। एक प्रदर्शनकारी स्टेज के पास विरोध कर रहा था, तभी वहां मौजूद एक उम्रदराज समर्थक ने उसे मुक्का मार दिया। शेरिफ के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी को वहां से हटाया। ट्रंप ने मंच से उस समर्थक की तारीफ करते हुए उसकी तुलना मशहूर मुक्केबाज इवांडर होलीफील्ड से की। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी को मुक्का पड़ा और ट्रंप की रैली में इस तरह विरोध करना हिम्मत का काम है। एक अन्य प्रदर्शनकारी को भी रैली स्थल पर एक



उम्रदराज व्यक्ति ने सिर पर थप्पड़ मारा। ट्रंप की रैलियों में विरोध की घटनाएं पहले भी सामने आई हैं। ओहायो, जॉर्जिया, कंसास और नॉर्थ कैरोलिना में भी प्रदर्शनकारियों ने उनके भाषण के दौरान नारे लगाए। कुछ लोग एपस्टीन फाइलें सार्वजनिक करने की मांग कर रहे थे, जबकि अन्य ने इमिग्रेशन नीति और ईरान युद्ध को लेकर विरोध जताया। ट्रंप अक्सर ऐसे प्रदर्शनकारियों को पेड प्रोटेस्टर्स यानी पैसे लेकर विरोध करने वाले लोग बताते हैं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की रैली में भी ऐसी ही घटना हुई। ओहायो के सिनसिनाटी में वेंस रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी और सीनेट उम्मीदवार जॉन हस्टेड के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान सूट और लाल मागा टोपी पहने एक व्यक्ति दर्शकों के बीच से निकलकर वेंस के पीछे पहुंच गया। उसने टोपी उतारकर फेंक दी और चिल्लाते हुए वेंस का विरोध करने लगा। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उसे पकड़कर बाहर निकाल दिया। घटना के बाद वेंस ने प्रदर्शनकारी के बालों पर तंज कसा और कहा कि वह डेमोक्रेट समर्थक था। हालांकि, इस घटना ने उपराष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए, क्योंकि प्रदर्शनकारी उनके काफी करीब पहुंच गया था। ट्रंप के सामने चुनौती सिर्फ रैलियों में हो रहे विरोध की नहीं है। उनकी मंजूरी रेटिंग करीब 31-33 फीसदी बताई जा रही है। आर्थिक मुद्दों और ईरान युद्ध को लेकर असंतोष भी उनकी राजनीतिक स्थिति पर असर डाल सकता है। मिडटर्म चुनाव में अमेरिकी मतदाता कांग्रेस के सदस्यों को चुनते हैं। इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी का प्रदर्शन तय करेगा कि ट्रंप को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में कितना समर्थन मिलता है। अगर पार्टी कमजोर पड़ती है, तो कानून पास कराने और नीतियों को लागू करने में मुश्किल हो सकती है। ट्रंप रैलियों में टैक्स कटौती और ह्यसीमा पर अवैध इमिग्रेशन कम करने जैसे मुद्दे उठा रहे हैं। लेकिन लगातार हो रही नारेबाजी उनके चुनाव प्रचार में बाधा बन रही है। अमेरिका में हो रहे मध्यावधि चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के लिए राजनीतिक रुप से काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। देश दुनिया की नजर इन चुनावों पर लगी हुई है। राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी जिस तरह की कार्यशैली रही है, टेरिफ वॉर की नीति ने दुनिया भर में तहलका मचाया है, उससे लगभग सभी देश किसी न किसी रुप से प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही उनकी घरेलू नीतियों ने भी देश की जनता को और खास कर उनकी पार्टी के कोर वोटर को भी निराश किया है। ट्रंप की लगातार गिरती साख से भी उनकी राजनीति प्रभावित हुई है। वे भी इन सारी परिस्थितियों से बेखबर नहीं है। यदाकदा वे इसका जिक्र भी कर देते हैं। ईरान के साथ अमेरिका का तनाव भी ट्रंप की परेशानी का एक कारण रहा है। वे इससे पीछा छुड़ाने के लिए प्रयास भी करते दिखाई दे रहे हैं। रुस के साथ भी पेट्रोलियम डील ने उनकी साख को बट्टा लगाया है। पहले तो युक्रेन के साथ खड़े रहना और अब उसे छिटका देना यह जताता है कि अमेरिका पहले तो तनाव पैदा करता है, फिर उसका फायदा लेकर पीछे हट जाता है। डोनाल्ड ट्रंप की अस्थिर नीतियों का घरेलू राजनीति पर पड़ रहे प्रभाव का ही यह असर है कि वहां की जनता अब उनसे दूर होती जा रही है। इसका असर मध्यावधि चुनाव में किस तरह दिखाई देगा यह तो वक्त बताएगा, लेकिन आज के हालात को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि बहुत कठिन है डगर पनघट की।


मध्य प्रदेश में राज्यसभा उपचुनाव 12 नवंबर को



संचार जगत

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव कराने का फैसला किया है। यह सीट डॉ. एल. मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। डॉ. एल. मुरुगन ने 14 अक्टूबर को इस्तीफा दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल 2030 तक था। इसी खाली सीट को भरने के लिए अब उपचुनाव कराया जाएगा। आयोग ने चुनाव का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन 26 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। नामांकन की आखिरी तारीख 2 नवंबर है। मतदान 12 नवंबर को होगा। मतदान का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। वोटों की गिनती 12 नवंबर को शाम 5 बजे होगी। चुनाव पूरा होने की आखिरी तारीख 16 नवंबर तय की गई है। चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को लेकर कुछ अहम निर्देश दिए हैं।

रिजीम चेंज की साजिश रच रहे राहुल गांधी : दुबे



संचार जगत

दुमका। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं पर विदेशी ताकतों के साथ सांठगांठ कर रिजीम चेंज के नाम पर देश को अस्थिर करने की साजिश रचने के गंभीर आरोप लगाए हैं। झारखंड की उपराजधानी दुमका में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दावा किया कि हाल के दिनों में देश की राजधानी में एक फर्जी आंदोलन खड़ा करने की कोशिश की गई है। यह दरअसल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन और ऑनलाइन गैंबलिंग से जुड़े नेटवर्क के जरिए देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश का हिस्सा है। दुबे ने दावा किया कि राहुल गांधी ने पिछले 10 वर्षों में करीब 270 बार विदेश यात्राएं की हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किन-किन लोगों से मिले, उनकी विदेश यात्राओं के दौरान किन लोगों से संपर्क हुआ और भारत जोड़ो यात्रा में कौन-कौन शामिल हुए, इसकी पड़ताल होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके इन संपर्कों का इस्तेमाल देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिशों में किया जा रहा है। राहुल गांधी की उम्र का जिक्र करते हुए उन्होंने तंज कसा कि केवल टी-शर्ट और जींस पहनने से कोई युवा नहीं हो जाता। उन्होंने प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव और वृंदा करात जैसे नेताओं का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि ये चेहरे लंबे समय से विभिन्न आंदोलनों में मौजूद दिखते हैं।

जंतर-मंतर पर फिर बवाल के आसार



संचार जगत

नई दिल्ली। कल एक बार फिर दिल्ली में बड़ा हंगामा होने की संभावना है। एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन में नेहा बोरा सहित सीजेपी के अभिजीत दीपके आदि को बुलाया गया है। कल राजधानी में हर गली जंतर-मंतर बनाने का ऐलान किया गया और बड़े विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर होने जा रहे इस मार्च में सिर्फ छात्र ही नहीं बल्कि किसान, नेता, अभिनेता, वकील और लेखकों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। एसआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर हो रहे इस प्रदर्शन का नारा हर गली जंतर मंतर, हर गांव जंतर मंतर, मेरा घर जंतर मंतर रखा गया है। इस प्रदर्शन के लिए दिल्ली पुलिस से कोई अनुमति नहीं ली गई है। इस मार्च को पीपल अगेंस्ट एसआईआर नाम के एक नए गठबंधन ने बुलाया है जो सिर्फ एक हफ्ते पहले ही बना है।

शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी को बताया पार्ट-टाइम नेता

संचार जगत



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विदेश दौरे को लेकर सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर पलटवार किया है। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी पार्ट-टाइम राजनेता और फुल-टाइम ट्रैवलर हैं। जब पूरा देश उत्साह और खुशी में डूबा होता है और दशहरा जैसे पर्व मना रहा होता है, तो उन्हें यह अच्छा नहीं लगता और वे विदेश चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी केवल समस्या हैं, समाधान नहीं। देश को आज समाधान की जरूरत है। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर पलटवार किया है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, कि प्रधानमंत्री मोदी जब चाहते हैं, विदेश दौरे पर चले जाते हैं और वह भी संसद सत्र के बीच में। सवाल तो देश को उनसे करना चाहिए। देश प्रधानमंत्री चलाते हैं। राहुल गांधी कौन सा देश चलाते हैं? वह तो कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता हैं। उदित राज ने कहा कि राहुल गांधी को भी एकांत चाहिए होता है। महात्मा गांधी भी एकांत में रहते थे, पढ़ते थे, लिखते थे, आत्म-आलोचना करते थे। हम लोग भी छुट्टी पर जाते हैं, उससे एनर्जी मिलती है और सही दिशा मिलती है।

थाईलैंड और मलेशिया ने जारी की एडवाइजरी



संचार जगत

बैंकॉक/कुआलालंपुर । थाईलैंड और मलेशिया ने अपने नागरिकों से अपील की है कि वो यूरोप के उन देशों में जाने से बचें जहां विरोध प्रदर्शन जारी हैं। थाईलैंड ने गैर-जरूरी यात्रा टालने की सलाह दी है। वहीं, मलेशिया ने भी अपने नागरिकों को फ्रांस की यात्रा करने को लेकर चेतावनी दी है। थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सिहासाक फुवांगकेटकेओ ने कहा कि थाईलैंड से यूरोप जाने वालों को वहां के हालात पर कड़ी नजर रखनी चाहिए, क्योंकि स्थिति तेजी से बदल रही है। साथ ही संबंधित देशों में थाई दूतावासों और विदेश मंत्रालय से जानकारी लेते रहें। पेरिस में मलेशियाई दूतावास ने फ्रांस में मौजूद मलेशियाई नागरिकों को सलाह दी कि वे विरोध-प्रदर्शनों को देखते हुए सावधानी बरतें और सतर्क रहें। इससे पहले चीन ने भी फ्रांस जाने वाले अपने नागरिकों को सुरक्षा के जरूरी उपाय करने की चेतावनी दी है।

भारत ने सऊदी पर हमले की निंदा की



नई दिल्ली । भारत ने सऊदी अरब में नागरिकों और ऊर्जा ठिकानों पर लगातार हो रहे हमलों की निंदा की। इनमें किंग फहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अरामको के शायबाह तेल क्षेत्र पर हुए हमले भी शामिल हैं। साथ ही, भारत ने उम्मीद जताई कि इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हम सऊदी अरब में नागरिकों और ऊर्जा ढांचों पर लगातार हो रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। दुर्भाग्य से, इन हमलों में नागरिकों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने दम्मम हवाई अड्डे पर हुए हमले में एक भारतीय की मौत पर मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

बीजेपी कार्यकर्ता की बेरहमी से हत्या, टीएमसी पर लगाया आरोप



संचार जगत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक बहुल मालदा जिले में बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार रात की है। मृतक की पहचान समीर घोष के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार हत्यारों के एक ग्रुप ने पहले समीर घोष की बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद, उसकी मौत पक्की करने के लिए, उसे पास से गोली मारी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलने के बाद बुधवार रात जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और इस घटना में शामिल लोगों की जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

क्रेमलिन, वाशिंगटन और कीव के साथ शांति वार्ता को तैयार

संचार जगत



मास्को । अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सेंट पीटर्सबर्ग में तीन घंटे लंबी बातचीत हुई। क्रेमलिन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि रूस ने त्रिपक्षीय शांति वार्ता के लिए सहमति जता दी है और इसका आयोजन नवंबर के शुरुआत में हो सकता है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पत्रकारों को बताया कि पुतिन और विटकॉफ ने रूस, अमेरिका और यूक्रेन के बीच बातचीत फिर से शुरू करने के विकल्पों पर चर्चा की। उशाकोव ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिकी दूत को सूचित किया कि मास्को नवंबर की शुरुआत में त्रिपक्षीय बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार है।यूरी उशाकोव ने बताया कि यह बैठक कई दिन पहले ही तय कर ली गई थी। अमेरिकी वार्ताकार जेरेड कुशनर बीमारी के कारण विटकोफ के साथ सेंट पीटर्सबर्ग नहीं जा सके, इसलिए वे वीडियो लिंक के जरिए बैठक में शामिल हुए। पुतिन और विटकॉफ के बीच यह नौवीं बैठक थी, जो रूस और अमेरिका के राष्ट्रपतियों के बीच होने वाली नियमित फोन बातचीत के अलावा एक उपयोगी कदम है। उशाकोव ने जोर देकर कहा कि यह बैठक 'विस्तृत और स्पष्ट' थी, जो लगभग तीन घंटे तक चली। हालांकि रूस ने माना कि यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए पेश किए गए नए शांति प्रस्तावों में कोई ठोस बात नहीं है। फिर भी रूस ने अमेरिका और यूक्रेन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता फिर शुरू करने की सैद्धांतिक सहमति जताई है। फिलहाल वार्ता की तारीख, स्थान और एजेंडे को लेकर अंतिम निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था, और इसे समाप्त करने के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में कई दौर की कोशिशें हो चुकी हैं।

रूस ने यूक्रेन में दागी बैलिस्टिक मिसाइलें

संचार जगत



कीव । यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि बुधवार शाम से रूस ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों से तीन चरणों में हमले किए। उन्होंने बताया कि रूसी बलों ने कुल 21 मिसाइलों का इस्तेमाल किया। जेलेंस्की ने कहा कि इन हमलों में राजधानी कीव को काफी नुकसान पहुंचा है। कई आम रिहायशी इमारतें, ऊर्जा ढांचा, एक रेलवे स्टेशन और मेट्रो से जुड़ी सुविधाएं, शॉपिंग सेंटर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि एक मठ भी हमले की चपेट में आया है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं सभी प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य में लगी हुई हैं। जेलेंस्की ने कहा कि बातचीत के एक और दौर के तुरंत बाद रूस ने यह हमला किया, जो उसके रुख को साफ दिखाता है।

पाकिस्तान, तुर्किये, कतर और इंडोनेशिया के बीच बद्र रक्षा समझौता

संचार जगत

दोहा। पाकिस्तान, तुर्किये, कतर और इंडोनेशिया ने आपस में मिलकर सैन्य हथियारों का साझा उत्पादन करने और रक्षा क्षेत्र में तकनीकी सहयोग बढ़ाने के लिए कतर की राजधानी दोहा में ऐतिहासिक 'बद्र समझौता' हस्ताक्षरित किया है। इस बहुपक्षीय समझौते का मुख्य उद्देश्य सैन्य हथियारों के निर्माण के लिए अन्य वैश्विक ताकतों पर अपनी निर्भरता को कम करना, आपसी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना तथा अनुसंधान, प्रशिक्षण और तकनीकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। मक्का पैक्ट के बाद मुस्लिम बहुल देशों के साथ पाकिस्तान का यह बढ़ता गठजोड़ एशियाई और मध्य-पूर्व रक्षा परिदृश्य में एक नया समीकरण स्थापित कर रहा है।

दोसांझ को कॉन्सर्ट की नहीं मिली मंजूरी

संचार जगत



नई दिल्ली । पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को दिल्ली पुलिस ने 30 अक्टूबर को होने वाले कॉन्सर्ट को सुरक्षा कारणों से मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। यह शो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था और दिलजीत के ऑरा टूर की शुरुआत दिल्ली से होनी थी। पहले यह कॉन्सर्ट एक नवंबर को आयोजित होने वाला था, लेकिन 1984 के सिख-विरोधी दंगों की बरसी से जुड़ी संवेदनशीलता के कारण इसे 30 अक्टूबर को रखा गया, लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है। दिलजीत ने 24 सितंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 21 नवंबर को होने वाले अपने कॉन्सर्ट को लेकर भी बात की थी। दिलजीत दोसांझ ऑरा वर्ल्ड टूर के तहत दिल्ली के बाद इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, लखनऊ, चंडीगढ़ और कोलकाता में परफॉर्म करेंगे। दिलजीत दोसांझ ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत पंजाबी एल्बम से की थी।


अखिलेश यादव ने जेल में आजम खान से की मुलाकात

संचार जगत



रामपुर । समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रामपुर जेल में पार्टी के महासचिव आजम खान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजम खान पार्टी के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी राजनीतिक परिवार ने उतना अन्याय नहीं झेला जितना आजम खान के परिवार ने झेला है। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आजम खान के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए गए और उन्हें कई साल जेल में रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए। उन्होंने इतने साल जेल में बिताए। अखिलेश यादव ने कहा कि झूठे मुकदमों के जरिए सच्चाई को हमेशा के लिए कैद नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि झूठे मुकदमों में इतनी ताकत नहीं होती कि किसी को हमेशा जेल में रखा जा सके। समय लग सकता है, देर हो सकती है, लेकिन झूठ सच को हमेशा के लिए कैद नहीं कर सकता।

मेघवाल ने विपक्ष पर साधा निशाना



नई दिल्ली । केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का मुद्दा बिहार से शुरू हुआ था और इस पर लोकसभा और राज्यसभा में भी चर्चा हो चुकी है। मेघवाल ने कहा कि यह एक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश है, झूठ बोलो और भाग जाओ। कभी-कभी, ऐसा झूठा नैरेटिव गढ़ने से उन्हें फायदा भी होता है। उन्होने कहा कि विपक्ष लोगों के बीच कड़ी मेहनत करने के बजाय, इस तरह के झूठे नैरेटिव गढ़कर फायदा उठाना चाहता है।

अमित शाह के बयान पर संजय राउत ने किया पलटवार

संचार जगत



मुंबई । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब को 2029 तक नशा मुक्त करने वाले बयान पर शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने पलटवार किया है। राउत ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान सिर्फ पंजाब चुनाव तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह पूरे देश में चलना चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए गंभीर आरोप लगाया और कहा कि महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम के घर के बगल में सातारा में ड्रग्स की फैक्ट्री चल रही थी और पुलिस को पता तक नहीं चला। ड्रग्स सिंडिकेट का पूरा पैसा महाराष्ट्र की राजनीति में आता है। ऐसे में नशामुक्ति अभियान सिर्फ पंजाब चुनाव के लिए नहीं होना चाहिए, ये पूरे देश के लिए होना चाहिए। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब से अवैध मादक पदार्थों और नशे के कारोबार को पूरी तरह खत्म करने के लिए 31 दिसंबर 2029 की डेडलाइन तय की है। उन्होंने कहा है कि 2029 तक पंजाब में नशे के व्यापार को समाप्त कर दिया जाएगा।

ओवैसी ने उमरा यात्रियों की सुरक्षित वापसी की मांग की

हैदराबाद । एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मक्का, मदीना और जिद्दा में फंसे करीब 4 हजार भारतीय उमरा यात्रियों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया की वापसी उड़ानें रद्द होने के कारण बड़ी संख्या में भारतीय तीर्थयात्री सऊदी अरब में फंसे हुए हैं और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ओवैसी ने कहा कि पिछले दो-तीन सप्ताह से करीब 4 हजार भारतीय नागरिक मदीना, जिद्दा और मक्का में फंसे हैं। ये सभी लोग उमरा करने के लिए सऊदी अरब गए थे। उड़ानों के रद्द होने से उनकी वापसी का रास्ता मुश्किल हो गया है। ओवैसी ने यह भी आरोप लगाया कि कई ट्रैवल एजेंट यात्रियों को उनके हाल पर छोड़ चुके हैं।

आंध्र प्रदेश में 100 शहरी निकायों के चुनाव पर लगी रोक

संचार जगत



अमरावती। आंध्र प्रदेश में 100 शहरी निकायों के चुनाव पर रोक लग गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह फैसला हुआ है। आंध्र प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद 100 शहरी स्थानीय निकायों में चुनाव प्रक्रिया रोक दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल चंद्र पुनेठा ने आदेश जारी कर 13 नगर निगमों, 87 नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में चुनाव की आगे की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया। एसईसी ने इससे पहले 14 अक्टूबर को इन शहरी स्थानीय निकायों में चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी की थी। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 16 से 18 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जाने थे और 19 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होनी थी। पुनेठा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग आदेश देता है कि राज्य के सभी 100 शहरी स्थानीय निकायों में चुनाव की आगे की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोक दी जाए। यह फैसला वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की ओर से उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर किए जाने के बाद आया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाने से इनकार कर दिया गया था। नामांकन की समयसीमा 19 अक्टूबर को समाप्त हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को 25 अक्टूबर तक उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित नहीं करने का निर्देश दिया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को उपलब्ध कराए गए दस्तावेजी साक्ष्यों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों पर विचार करने का भी आदेश दिया।

जेलेंस्की को अमेरिकी अफसरों ने बंद कमरे में फटकार लगाई



संचार जगत

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दूसरों की आलोचना करें तो ठीक, लेकिन कोई उन्हें जवाब दे दे तो वे नाराज हो जाते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को एक बार फिर इसका सामना करना पड़ा। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में मंगलवार को बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान ट्रम्प के प्रतिनिधियों स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने जेलेंस्की को फटकार लगाई। दोनों ने जब जेलेंस्की से कहा कि ट्रम्प के खिलाफ उनके बयानों ने ट्रम्प को नाराज कर दिया है, तो वे सफाई देने लगे और कहा कि उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा। इस महीने रूस से डीजल खरीदने के अमेरिकी फैसले, रूस पर कुछ प्रतिबंधों में ढील और यूक्रेन को अमेरिकी मदद सीमित करने जैसे मुद्दों पर ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच कई बार बयानबाजी हुई है।

अजमेर में वीआईपी ट्रेड कंपनी के 4 आरोपी पकड़े

संचार जगत





अजमेर। अजमेर पुलिस की एसआईटी ने वीआईपी ट्रेड कंपनी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर निवेशकों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में की गई है। आरोपियों ने किशनगढ़ में वीआईपी ट्रेड कंपनी के नाम से फॉरक्स ट्रेडिंग का काम शुरू किया था। निवेशकों और उनके परिचितों व रिश्तेदारों को कंपनी में निवेश के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए अलग-अलग स्थानों पर सेमिनार आयोजित किए जाते थे। निवेशकों को 8 से 12 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर करोड़ों रुपए निवेश करवाए गए। बाद में आरोपी निवेशकों की रकम लेकर फरार हो गए थे। एसपी ने मामले में एसआईटी का गठन किया गया था। इसकी कमान एडिशनल एसपी सिकाऊ प्रियंका कुमावत को सौंपी गई थी। एडिशनल एसपी प्रियंका कुमावत के मुताबिक कंपनी के खिलाफ अजमेर जिले के गांधी नगर और मदनगंज थानों में कुल 40 मामले दर्ज हैं। इन मामलों में अनुसंधान जारी है। कंपनी के खिलाफ अन्य राज्यों में भी प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

डिस्कॉम मुख्यालय में चिकित्सा शिविर आयोजित



संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर डिस्कॉम एवं व्यास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय, न्यू पावर हाउस में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच की सुविधा भी रखी गई। शिविर में डॉ. पी.आर. लिम्बा, डॉ. पीयूष जोशी, डॉ. विभोर कुमार तथा डॉ. गौरव कच्छावा ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त दंत चिकित्सक टीम एवं नेत्र रोग विभाग की टीम ने भी शिविर में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराईं।

रिटर्निंग अधिकारियों का हुआ विशेष प्रशिक्षण



संचार जगत

दौसा। पंचायत आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन तंत्र पूरी मुस्तैदी से जुट गया है। श्री रामकरण जोशी विद्यालय में ग्राम पंचायतों के रिटर्निंग अधिकारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों, कानूनी प्रावधानों और मतदान प्रबंधन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान एडीएम मनमोहन मीना ने अधिकारियों को पूरी गंभीरता के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका का गहन अध्ययन करें और प्रक्रियाओं को निर्धारित नियमों के तहत ही पूरा कराएं।

हकीमुद्दीन शाह का उर्स की तैयारियां जोरों पर



संचार जगत

दौसा। आस्ताना-ए-हकीमी सोसायटी के तत्वावधान में हज़रत ख्वाजा सूफी हकीमुद्दीन शाह का 43वां सालाना उर्स मुबारक 27 से 30 अक्टूबर तक मुर्शिद नगर स्थित दरगाह शरीफ में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। चार दिवसीय इस रूहानी जलसे में राजस्थान समेत देश के कई राज्यों से हजारों जायरीन के शिरकत करने की उम्मीद है। उर्स का आयोजन हजरत ख्वाजा सूफी इकबाल अहमद शाह मुजफ्फरी की ज़ेरे सरपरस्ती में संपन्न होगा। उर्स का आगाज सुबह कुरआन ख्वानी के साथ होगा। इसके बाद सरकारी चादर पेश कर गुलपोशी की जाएगी। रात में मीलाद शरीफ और रूहानी महफिले समाअ का आयोजन होगा। प्रबंधन कमेटी की ओर से दरगाह परिसर में उर्स की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दरगाह कमेटी द्वारा बाहर से आने वाले जायरीन के ठहरने, लंगर और अन्य बुनियादी सुविधाओं के पुख्ता बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

संचार जगत

कोटा। लायंस क्लब कोटा साउथ द्वारा सामाजिक सरोकारों की अपनी निरंतर श्रृंखला के तहत 40 बालिकाओं के लिए आयोजित एक महीने का निशुल्क कंप्यूटर अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन समारोह में सभी छात्राओं को परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रमाण-पत्र एवं पदक वितरित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में ईशिका निराला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि योगिता महावर ने द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक और सोनाक्षी महावर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। समारोह में लायंस क्लब कोटा साउथ की अध्यक्ष सुधा शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में कंप्यूटर का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। बालिकाओं को इस क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते हुए खुद को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना चाहिए। उन्होंने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

दीपावली पर स्कूलों में होगी लाइटिंग

बीकानेर। राजस्थान के शिक्षा विभाग ने स्कूलों और कार्यालयों के लिए जारी किए निर्देश, शौचालयों की सफाई भी जरूरी दिवाली पर्व को देखते हुए राजस्थान के सभी सरकारी स्कूलों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने अधिकारियों और संस्था प्रधानों को जरूरी कार्रवाई करने के लिए कहा है। हालांकि, इन व्यवस्थाओं के लिए अलग से कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया गया है।

दशहरा मेले में व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित



संचार जगत

कोटा। राष्ट्रीय मेला दशहरा के दौरान नगर निगम भवन परिसर में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर भर से आए विविध प्रतिभागियों ने अपनी पाक कला का हुनर दिखाया। जिससे पूरा निगम भवन स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से सराबोर हो उठा। प्रतिभागियों को 30 मिनट में बिना आग का उपयोग किए अपनी रचनात्मकता के बल पर एक-एक उत्कृष्ट डिश तैयार करनी थी। प्रतियोगिता में कुल 23 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल ने व्यंजनों के स्वाद, प्रस्तुतिकरण और नवाचार के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू जैन, द्वितीय स्थान सविता गौतम तथा तृतीय स्थान संतोष सुमन ने प्राप्त किया। राष्ट्रीय मेला दशहरा के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

कोटा में केमिकल से भरा जलता टैंकर 300 मीटर दौड़ा

संचार जगत



कोटा। कोटा-झालावाड़ नेशनल हाईवे-52 पर केमिकल से भरे एक टैंकर के ब्रेक लाइनर में अचानक आग लग गई। चलते टैंकर में से धुआं निकलता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना ड्राइवर को दी। इस पर सड़क किनारे के बाजार से जलते हुए टैंकर को ड्राइवर 300-400 मीटर दूर एक ढाबे तक ले गया। जहां ग्रामीणों और ढाबे कर्मचारियों ने ट्यूबवेल चलाकर पानी से आग बुझाई। कनवास थाना क्षेत्र में दरा स्टेशन के पास गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे से एक बजे के बीच यह घटना हुई। लोगों और ड्राइवर की सतर्कता से केमिकल से भरे टैंकर को सुरक्षित बचा लिया गया। दरा चौकी पर तैनात कॉन्स्टेबल शेर सिंह ने बताया- केमिकल से भरा टैंकर जयपुर के बगरू से उज्जैन की ओर जा रहा था।

पांच धर्मकांटों पर गिरी गाज



दौसा। उपभोक्ताओं और माल ढुलाई वाहनों को सही और सटीक माप-तौल सुनिश्चित कराने के लिए चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत विधिक माप विज्ञान विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सिकराय और मंडावर क्षेत्र में संचालित पांच धर्मकांटों पर वजन तोलने वाले उपकरण बिना आधिकारिक सत्यापन के चलते पाए गए। विभाग ने इन धर्मकांटा संचालकों पर 70 हजार का जुर्माना लगाया है। इन सभी पांचों धर्मकांटों पर माल ढुलाई वाहनों का वजन करने वाले उपकरण विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि में सत्यापित और प्रमाणित नहीं पाए गए। मानकों की अनदेखी पर नियमानुसार जुर्माना वसूलने की विधिक कार्रवाई की गई।

14 लाख की साइबर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत



अजमेर। साइबर ठगी की रकम को फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कर निकालने के मामले में अजमेर की सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। 'म्यूल हंट' अभियान के तहत हुई कार्रवाई में पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि ठगी की रकम के लेन-देन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अजमेर निवासी सबरे आलम पुत्र मोहम्मद आलम को गिरफ्तार किया गया है। साइबर सेल से मिली सूची के आधार पर एएसआई चांद सिंह ने 5 अप्रैल को प्रकरण दर्ज किया था। मामला उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निवासी रोहिताश कुमार से करीब 14 लाख रुपए की साइबर ठगी से जुड़ा है। ठगी की रकम म्यूल बैंक खातों में ट्रांसफर करवाई गई थी। पुलिस के अनुसार- म्यूल अकाउंट के जरिए साइबर ठगी की रकम को इधर-उधर किया जाता था। गिरोह के लोग सीधे-सादे लोगों को झांसे में लेकर उनके आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के आधार पर बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों में साइबर ठगी से मिली रकम जमा करवाई जाती और बाद में नकदी निकाल ली जाती थी।

पार्षदों के कड़े रुख के बाद झुका नगर परिषद



संचार जगत

दौसा। दीपावली से ठीक पहले शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ियों की हड़ताल को समाप्त कराने के लिए पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल नगर परिषद पहुंचा। पार्षदों ने आयुक्त हंसा मीणा से मुलाकात कर शहर को गंदगी से निजात दिलाने और सफाई कार्य तुरंत बहाल करने की मांग की। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि शुक्रवार से शहर में घर-घर कचरा संग्रहण की गाड़ियां पुनः सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएंगी। हड़ताल के चलते बीते पांच दिनों से जिला मुख्यालय पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पूरी तरह ठप पड़ा हुआ था। नियमित सफाई और कचरा गाड़ियां बंद रहने से रिहायशी इलाकों, मुख्य बाजारों और सड़कों पर गंदगी और कचरे के अंबार लग गए थे। घरों की साफ-सफाई के बीच कचरा उठान न होने से चारों तरफ दुर्गंध फैल रही थी, जिससे आमजन और व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त था। सफाई व्यवस्था ठप होने के विरोध में बुधवार को पार्षदों ने आयुक्त हंसा मीणा को ज्ञापन सौंपकर समस्या के तत्काल निस्तारण की मांग की थी।

स्कूल की मनमानी को लेकर अभिभावकों में रोष

संचार जगत



जोधपुर। ऑर्चिड सेंट्रल स्कूल, बाईपास रोड में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए फीस वृद्धि, स्कूल बसों की फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की कथित कमी तथा अभिभावकों और विद्यार्थियों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग, जिला कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। अभिभावकों के अनुसार, चालू शैक्षणिक सत्र में स्कूल प्रशासन द्वारा बस फीस में लगभग 25 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। इसके बावजूद अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल की बसों के फिटनेस प्रमाणपत्र, आरसी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। पिछले लगभग दो वर्षों से इन समस्याओं को लेकर स्कूल प्रशासन को फोन और संदेशों के माध्यम से लगातार अवगत कराया जा रहा है, लेकिन शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। अभिभावकों का आरोप है कि अब स्कूल प्रशासन द्वारा बसों के संचालन पर लगभग 15 दिनों तक रोक लगाने की सूचना दी गई है और अभिभावकों से अपने स्तर पर बच्चों के आने-जाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। इससे कामकाजी अभिभावकों के सामने गंभीर परेशानी खड़ी हो गई है तथा बच्चों की सुरक्षा और नियमित आवागमन को लेकर चिंता बढ़ गई है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग, जिला कलेक्टर, संबंधित परिवहन अधिकारियों तथा अन्य सक्षम प्राधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराएं। यदि जांच में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो स्कूल प्रशासन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। अभिभावकों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि रखी जाए और स्कूल प्रशासन को नियमों के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था संचालित करने के लिए पाबंद किया जाए।

7वीं मंजिल से नीचे गिरा युवक, हुई मौत

जोधपुर। जोधपुर में बिल्डिंग की 7वीं मंजिल से नीचे गिरने से युवक की मौत हो गई। जिसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में युवक नीचे गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ते हुए उसे उठाकर गाड़ी में अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना राजीव गांधी नगर थाना इलाके के अरिहंत आंचल सोसायटी का है, जहां 20 अक्टूबर को शाम करीब 4:45 बजे एक युवक बिल्डिंग से नीचे गिर गया। मृतक की पहचान दीपक चौहान पुत्र मोहन सिंह चौहान के रूप में हुई, जो सोसायटी के फ्लैट नंबर 703 में रहता था।

डांडिया महोत्सव में पारंपरिक परिधानों में थिरके कदम



संचार जगत

दौसा। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में डांडिया महोत्सव का आयोजन उत्साह, उमंग से संपन्न हुआ। इस उत्सव में परिषद के सदस्यों और प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, डांडिया की ताल और मनमोहक सांस्कृतिक गतिविधियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले पहले 50 दंपतियों को समयबद्धता के लिए विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नन्हें बच्चों के लिए एक बौद्धिक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

जानलेवा हमला और गाड़ी में तोड़फोड़ करने वाले दो गिरफ्तार

संचार जगत



जोधपुर। शहर के सूरसागर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े जानलेवा हमला करने और गाड़ी चढ़ाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को पकड़ लिया है। घटना 31 मई की मणाई क्षेत्र में हुई। मामले में जब्बरसिंह पुत्र सरदारसिंह निवासी मणाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि वो 31 मई को अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी परबतसिंह, भगवंतसिंह उर्फ भगवानसिंह उर्फ भगसा, लोकपालसिंह उर्फ बंटी और अन्य लोग ब्रेजा कार और कैंपर गाड़ियों में सवार होकर आए। आरोप है कि इन लोगों ने प्लानिंग के साथ हॉकी, पाइप और सरिए से लैस होकर प्रार्थी की दुकान के सामने आतंक मचाया और जान से मारने की नीयत से कैंपर गाड़ी पीड़ित के ऊपर चढ़ाने की कोशिश की, जिससे उनके हाथों और पैरों पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर अर्टिगा और कैंपर गाड़ी क्षतिग्रस्त हालत में पाई गईं। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भगवंतसिंह उर्फ भगवानसिंह उर्फ भगसा पुत्र भोमसिंह, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी इन्द्रोका, सूरसागर और लोकपालसिंह उर्फ बंटी (26) पुत्र नरेन्द्रसिंह निवासी तेना, हाल इन्द्रोका, सूरसागर को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भांडारेज टोल प्लाजा पर बड़ी कार्रवाई

बिना सत्यापन चल रहे थे धर्मकांटे, लगाया जुर्माना

संचार जगत



दौसा। उपभोक्ताओं और वाहन चालकों को सही माप-तौल सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत विधिक माप विज्ञान विभाग ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे स्थित भांडारेज टोल प्लाजा पर सख्त कार्रवाई की है। औचक निरीक्षण के दौरान टोल प्लाजा पर वाहनों का वजन तोलने वाले दोनों प्रमुख उपकरण बिना निर्धारित सत्यापन के संचालित पाए गए। विधिक माप विज्ञान अधिनियम के प्रावधानों का खुला उल्लंघन मिलने पर विभाग ने टोल प्रबंधन पर कुल एक लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है। विधिक माप विज्ञान अधिकारी नीरज वर्मा ने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत जिले भर में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और टोल प्लाजा पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत टीम ने सिकंदरा और भांडारेज टोल प्लाजा पर स्थापित माप-तौल उपकरणों की तकनीकी और विधिक जांच की। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि उपभोक्ताओं के विधिक अधिकारों के संरक्षण के लिए यह अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा। जिले में संचालित पेट्रोल पंपों, टोल प्लाजा, धर्मकांटों और व्यावसायिक मंडियों में यदि कोई भी व्यापारी या संस्थान बिना मुहर और सत्यापन के कांटे संचालित करता पाया गया, तो उसके खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण और भारी जुर्माने सहित कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

ट्रैक्टर ने एक्टिवा को मारी टक्कर आग लगी

जोधपुर। जोधपुर शहर में ट्रैक्टर ने एक्टिवा पर सवार दो महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर एक्टिवा को काफी दूर तक घसीटकर ले गया, जिसके बाद आग लग गई। एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा एयरपोर्ट थाना क्षेत्र का है। ट्रैक्टर तेज स्पीड में था। एक्टिवा सीधे ट्रैक्टर के निचले हिस्से में जाकर फंस गई। इसके बाद भी ड्राइवर ने ट्रैक्टर नहीं रोका और एक्टिवा को कई मीटर तक घसीटते हुए लेकर गया। इसके बाद कुछ ही देर में एक्टिवा में आग लग गई। आग देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया।

पैरा एशियन गेम्स में शीतल देवी ने दो घंटे में जीते दो गोल्ड मेडल

21 स्वर्ण, 26 रजत और 41 कांस्य के साथ 88 पहुंची भारत के पदकों की संख्या

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने एशियन पैरा गेम्स में गुरुवार को दो घंटे से भी कम समय में दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने तोमन कुमार के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा और महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय खिलाड़ियों ने गुरुवार को कुल 26 पदक जीते, जिससे देश के पदकों की संख्या 88 हो गई। इनमें 21 स्वर्ण, 26 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं।

मौजूदा विश्व चैंपियन और विश्व नंबर एक शीतल तथा तोमन की जोड़ी ने मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में इंडोनेशिया की तेओदोरा ऑडी ऑडिया फेरेली और केन स्वागुमिलांग को 151-148 से हराया। इसके बाद शीतल ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में सिंगापुर की अलीम नूर स्याहिदाह को 142-139 से मात दी। मुकाबले में चार अंक से पिछड़ने के बाद उन्होंने वापसी करते हुए जीत दर्ज की। शीतल इससे पहले महिला युगल स्पर्धा में रजत पदक भी जीत चुकी हैं।



पैरा एथलेटिक्स में तीनों पदक भारत के नाम

पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में शैलेश कुमार ने 1.89 मीटर की छलांग लगाकर खेलों का रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता। वरुण भाटी ने 1.84 मीटर के साथ रजत, जबकि राहुल ने 1.81 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 400 मीटर टी47 दौड़ में अंजनाबेन बुम्बाडिया ने 59.97 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। जयंती बेहरा ने एक मिनट 0.65 सेकंड के समय के साथ रजत हासिल किया। पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप महादू गावित ने 48.27 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भाविककुमार भरवाड़ ने 49.31 सेकंड के समय के साथ रजत अपने नाम किया। धर्मराज सोलैराज ने पुरुषों की लंबी कूद की संयुक्त टी44/टी62/टी64 स्पर्धा में 7.15 मीटर की छलांग लगाकर एशियाई रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता। दिन की शुरुआत सुवर्णा राज के स्वर्ण पदक से हुई। उन्होंने महिला एफ54 चक्का फेंक स्पर्धा में 15.66 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

तीरंदाजी में स्वाति ने जीता ऐतिहासिक रजत

भारतीय तीरंदाज स्वाति चौधरी ने महिला व्यक्तिगत डब्ल्यू1 स्पर्धा में रजत जीतकर इतिहास रचा। वह एशियन पैरा गेम्स में इस वर्ग में भारत को पदक दिलाने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। फाइनल में उन्हें चीन की सेन मेंगकान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

पैरा तैराकी में मिले चार पदक

भारतीय तैराकों ने गुरुवार को चार पदक जीते। रवि बुधिगिना ने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 स्पर्धा में 25.89 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह इन खेलों में उनका तीसरा पदक था। वह इससे पहले 100 मीटर बैकस्ट्रोक और फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीत चुके थे। कपिल कुमार ने पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल एस10 स्पर्धा में चार मिनट 38.44 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। स्वातिक पाटिल ने पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एसबी9 स्पर्धा में 1 मिनट 13.77 सेकंड के समय के साथ कांस्य, जबकि तेजस नंदकुमार ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस7 स्पर्धा में 1 मिनट 18.58 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही भारतीय तैराकों के कुल पदकों की संख्या 10 हो गई। हालांकि, अब तक इस स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक नहीं मिला है।

बैडमिंटन और टेबल टेनिस में भी सफलता

पैरा बैडमिंटन में पुरुष एकल एसएल3 के फाइनल में प्रमोद भगत और नितेश के पहुंचने से भारत का कम से कम रजत पदक पक्का हो गया। छह बार के विश्व चैंपियन और टोक्यो पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद ने दक्षिण कोरिया के ली सेउंघु को 16-21, 21-18, 21-17 से हराया। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नितेश ने इंडोनेशिया के एम इमरान को 21-19, 21-16 से मात दी। नितेश ने थुलासिमथी मुरुगेसन के साथ मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 के फाइनल में भी जगह बनाई। नवीन शिवकुमार पुरुष एकल एसएल4 के फाइनल में पहुंचे। भारतीय खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में पांच कांस्य पदक भी जीते। टेबल टेनिस में भाविना पटेल और शुभम वाधवा ने मिश्रित युगल एक्सडी7 में कांस्य पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी को दक्षिण कोरिया के जांग योंगजिन और ली मिंग्यू के खिलाफ 6-11, 11-8, 5-11, 8-11 से हार मिली।



मोहम्मद शम्स आलम शेख पर होटल कर्मी के साथ छेड़छाड़ के आरोप...

जापान में एशियन पैरा गेम्स में हिस्सा लेने पहुंचे भारतीय पैरा तैराक मोहम्मद शम्स आलम शेख को होटल की महिला कर्मचारी के साथ कथित छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद भारत वापस भेज दिया गया। 40 वर्षीय शेख को जापानी पुलिस ने शिकायत के बाद हिरासत में लिया था। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) उनके खिलाफ आजीवन प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, घटना 19 अक्टूबर को नागोया के फोर पॉइंट्स बाय शेरेटन होटल में हुई, जहां भारतीय पैरा तैराकी टीम ठहरी हुई थी। आरोप है कि हाउसकीपिंग का काम कर रही एक महिला कर्मचारी के साथ शेख ने अनुचित व्यवहार किया और उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश की। महिला ने वहां से निकलकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। भारतीय दल के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, स्थानीय आयोजन समिति ने दल के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी।

पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया आजीवन प्रतिबंध लगाने पर कर रही विचार

हाई स्कोरिंग मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त

क्राइस्टचर्च में भारत की रोमांचक जीत

नई दिल्ली/संचार जगत

प्लेयर ऑफ द मैच संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर और नमन धीर की अहम पारियों की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड के 225/4 के जवाब में भारत ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 230 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सैमसन ने 33 गेंदों पर 67 रन बनाए, जबकि धीर 42 रन बनाकर नाबाद रहे।

अय्यर ने भी 42 रन का योगदान दिया। 226 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। सैमसन और अभिषेक शर्मा ने पहले विकेट के लिए महज 35 गेंदों में 93 रन जोड़ दिए। सैमसन ने 23 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 12 गेंदों पर 29 रन बनाए। हालांकि, उनके आउट होने के बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने वापसी की और भारत ने 29 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिए। माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर ने दो-दो विकेट लेकर भारत की रन गति पर अंकुश लगाया। सैमसन 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि तिलक वर्मा छह और ईशान किशन ने भी अहम समय पर विकेट गंवाया। भारत का स्कोर बिना विकेट खोए 93 रन से चार विकेट पर 122 रन हो गया। इसके बाद अक्षर पटेल ने 14 गेंदों पर 24 रन बनाकर अय्यर के साथ 24 गेंदों में 45 रन की साझेदारी की। अक्षर के आउट होने के बाद अय्यर ने धीर के साथ पारी को आगे बढ़ाया। अय्यर 19वें ओवर में 42 रन बनाकर आउट हुए। उस समय भारत को 11 गेंदों पर 16 रन की जरूरत थी। धीर ने दबाव के बीच संयम बनाए रखा और आखिरी ओवरों में महत्वपूर्ण बाउंड्री लगाईं। जीत के लिए तीन गेंदों पर दो रन की जरूरत थी, तभी धीर ने छक्का लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने दो गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने चार विकेट पर 225 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 40 गेंदों पर नाबाद 82 रन की पारी खेली, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे। फिन ऐलन ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए, जबकि बेवन जैकब्स ने 16 गेंदों पर 31 रन का योगदान दिया। ऐलन के आउट होने के बाद न्यूजीलैंड की पारी को फिलिप्स और जैकब्स ने गति दी। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 33 गेंदों पर 73 रन जोड़े। जैकब्स 18वें ओवर में रन आउट हुए, लेकिन फिलिप्स ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।



299 ओवर बाद भुवनेश्वर से हुई चूक

भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने करियर की पहली नो-बॉल फेंकी। वह 299.3 ओवर बिना नो-बॉल डाले गेंदबाजी करने के बाद इस रिकॉर्ड से चूक गए। उनकी नो-बॉल पर मिले फ्री-हिट के मौके का न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने फायदा उठाया और चौका जड़ दिया। हेगली ओवल में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भुवनेश्वर ने अपने पहले ओवर में सिर्फ चार रन दिए। लेकिन दूसरे ओवर की पहली गेंद पर उनका पैर क्रीज से आगे निकल गया और अंपायर ने नो-बॉल करार दिया। सीफर्ट ने फ्री-हिट पर बल्ले का किनारा लगने से गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा दिया। इस ओवर में कुल 17 रन बने। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बिना नो-बॉल फेंके सबसे ज्यादा ओवर करने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के आदिल राशिद के नाम है। उन्होंने पहली नो-बॉल से पहले 320.2 ओवर गेंदबाजी की थी। भुवनेश्वर ने 299.3 ओवर तक यह सिलसिला बनाए रखा। इस सूची में पाकिस्तान के शादाब खान 299.1 ओवर के साथ उनके बाद हैं। हालांकि, भुवनेश्वर ने पावरप्ले में डॉट गेंदें फेंकने के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इस अवधि में 680 डॉट गेंदें फेंकीं और न्यूजीलैंड के टिम साउदी के 679 डॉट गेंदों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में फेंकी नो-बॉल

टी20 में बिना नो बॉल फेंके सबसे ज्यादा ओवर...

- 320.2- आदिल राशिद (इंग्लैंड)
- 299.3- भुवनेश्वर कुमार (भारत)
- 299.1- शादाब खान (पाकिस्तान)

टी20 में भारत के सफल रनचेज

- 226 बनाम न्यूजीलैंड, क्राइस्टचर्च, 2026
- 209 बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम, 2023
- 209 बनाम न्यूजीलैंड, रायपुर, 2026
- 208 बनाम वेस्टइंडीज, हैदराबाद, 2019
- 207 बनाम श्रीलंका, मोहाली, 2009
- 204 बनाम न्यूजीलैंड, ऑकलैंड, 2020

अभिषेक ने भी बनाया पहली गेंद पर छक्के का रिकॉर्ड

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाया। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वह सातवीं बार ऐसा करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने अफगानिस्तान के शफीकुल्लाह शिनवारी के छह छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

टी20 में सर्वाधिक बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले प्लेयर्स

- 7- अभिषेक शर्मा (भारत)
- 6- शफीकुल्लाह (अफगानिस्तान)
- 5- सूर्यकुमार यादव (भारत)
- 4- पॉल स्टर्लिंग (आयरलैंड)
- 4- कॉलिन मुनरो (न्यूजीलैंड)
- 4- मोहम्मद नवीद (यूएई)

मैच से पहले देखने को मिली माओरी संस्कृति की झलक

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले से पहले हेगले ओवल में पारंपरिक माओरी संस्कृति की झलक देखने को मिली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर भारतीय टीम का खास अंदाज में स्वागत किया। तस्वीरों में पारंपरिक वेशभूषा में कलाकार सांस्कृतिक प्रदर्शन करते नजर आए। न्यूजीलैंड टीम ने इसे हेगले ओवल में खास स्वागत बताया।



सीरीज में इस्तेमाल होगी अब सोनिक तकनीक

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आगामी क्रिकेट सीरीज में सोनिक नाम की ऑडियो आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यह तकनीक आवाज का विश्लेषण कर गेंद और बल्ले के बीच संपर्क का पता लगाने में तीसरे अंपायर की मदद करेगी। न्यूजीलैंड में विकसित इस तकनीक को परीक्षण और स्वतंत्र आकलन के बाद मंजूरी मिली है। इसे निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के तहत इस्तेमाल किया जाएगा। इसका उद्देश्य बल्ले का किनारा लगने जैसे करीबी मामलों में अंपायर को अतिरिक्त जानकारी देना है।

हैरी ब्रूक ने 114 गेंदों में ठोका वनडे क्रिकेट का सबसे तेज दोहरा शतक

नई दिल्ली/संचार जगत

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे मुकाबले में ऐतिहासिक दोहरा शतक जड़ते हुए विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने महज 114 गेंदों में 200 रन पूरे कर वनडे क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। इस उपलब्धि के साथ ब्रूक ने भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 117 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था। गुरुवार को रावलपिंडी में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शुरुआती झटकों के बाद ब्रूक ने जो रूट के साथ पारी को संभाला और फिर विल जैक्स के साथ मिलकर श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

ब्रूक ने 116 गेंदों में 202 रन बनाए। उनकी पारी में 21 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। उन्होंने 174.13 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। ब्रूक इंग्लैंड की ओर से वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

उन्होंने बेन स्टोक्स के 182 रन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी अपने नाम किया। स्टोक्स ने 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह पारी खेली थी। वनडे में सबसे तेज दोहरे शतक के मामले में अब ब्रूक 114 गेंदों के साथ शीर्ष पर हैं। शुभमन गिल ने 117, ईशान किशन ने 126 और ग्लेन मैक्सवेल ने 128 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था।

इंग्लैंड का 429 रन का स्कोर वनडे में उसका आठवां 400 से अधिक का स्कोर है। इस मामले में भारत नौ बार 400 से अधिक रन बनाकर आगे है। श्रीलंका की ओर से दुनिथ वेलालागे ने 56 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि असिथा फर्नांडो और जनिथ लियानागे को एक-एक सफलता मिली।



वनडे में 400 से ज्यादा का टोटल

- 9 - इंडिया
- 8 - इंग्लैंड
- 8 - साउथ अफ्रीका
- 3 - ऑस्ट्रेलिया
- 2 - न्यूजीलैंड
- 2 - श्रीलंका
- 1 - वेस्ट इंडीज
- 1 - जिम्बाब्वे

सबसे तेज वनडे डबल सेंचुरी (बॉल के हिसाब से)

- 114 - हैरी ब्रूक बनाम श्रीलंका, रावलपिंडी, 2026
- 117 - शुभमन गिल बनाम वेस्ट इंडीज, गुवाहाटी, 2026
- 126 - ईशान किशन बनाम बांग्लादेश, चटगांव, 2022

वनडे में इंग्लैंड के लिए सबसे बड़े इंडिविजुअल स्कोर

- 202 - हैरी ब्रूक बनाम श्रीलंका, रावलपिंडी, 2026
- 182 - बेन स्टोक्स बनाम न्यूजीलैंड, द ओवल, 2023
- 180 - जेसन रॉय बनाम ऑस्ट्रेलिया, मेलबर्न, 2018

अनाहत का बड़ा धमाका... 8 बार की वर्ल्ड चैंपियन को 30 मिनट में रौंदा

सिलिकॉन वैली ओपन के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



रेडवुड सिटी, आरएनएन। भारत की 18 वर्षीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सिलिकॉन वैली ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए मिस्र की आठ बार की विश्व चैंपियन नूर अल शेरबिनी को हरा दिया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज अनाहत ने तीसरी रैंकिंग वाली शेरबिनी को 30 मिनट में 11-8, 11-8, 11-7 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अमेरिका के रेडवुड सिटी में हो रहा यह टूर्नामेंट 1,43,500 डॉलर की इनामी राशि वाला पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट है।

क्वार्टर फाइनल में अनाहत का सामना मिस्र की सलमा हनी से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं।

बेटे ने पांच साल बाद मां आंग सान सू से की बात

18 साल कैद की सजा, घर में है नजरबंद

नई दिल्ली/संचार जगत

हिरासत में बंद म्यांमार की पूर्व नेता आंग सान सू की को गुरुवार को पांच साल से अधिक समय बाद पहली बार अपने बेटे किम एरिस से फोन पर बात करने की अनुमति दी गई। उनके बेटे ने अपने फेसबुक पेज पर इस बारे में जानकारी दी।

सू की फरवरी 2021 से हिरासत में हैं। उस समय सेना ने तख्तापलट कर उनकी चुनी हुई सरकार को हटा दिया था। फिलहाल वह घर में नजरबंद हैं और 18 साल की जेल की सजा काट रही हैं। उनके समर्थकों और मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। एरिस ने फेसबुक पर लिखा, आज, मैं पांच साल से अधिक समय बाद आखिरकार अपनी मां, आंग सान सू की से बात कर पाया। उनकी आवाज दोबारा सुनने का मतलब मेरे लिए इतना ज्यादा है कि उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।



प्रधानमंत्री मोदी और कैप्टन स्मित मच्छार को इजराइल से आया न्योता

स्वतंत्रता दिवस: मशाल प्रज्वलित करने नेतन्याहू ने किया आमंत्रित

नई दिल्ली/संचार जगत

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया है। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मैंने अपने मित्र, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इज़राइल के स्वतंत्रता दिवस पर वीर भारतीय पायलट के साथ मशाल प्रज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने निमंत्रण के लिए मुझे धन्यवाद दिया और कहा कि जमीन पर और हवा में, भारत और इजराइल आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ रहे हैं। उन्होंने हमारे बीच के मजबूत और वर्षों पुराने संबंधों की भी सराहना की।

पीएमओ ने भी इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और पीएम मोदी की बातचीत के बारे में जानकारी दी है। पीएमओ ने बताया- प्रधानमंत्री मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत-इजराइल संबंधों में निरंतर प्रगति का स्वागत किया है। इजराइली प्रधानमंत्री के साथ फोन पर बातचीत में पीएम मोदी ने शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति को आगे बढ़ने का रास्ता बताने के भारत के रुख को दोहराया है। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया; क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।



यूक्रेन की जमीन रूस को देने को तैयार

जेलेंस्की ने कहा- युद्ध को खत्म करने का यही एक तरीका

नई दिल्ली/संचार जगत

रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को 4 साल से भी ज्यादा समय बीत चुका है। हालांकि, अब इस जंग के खत्म होने आसार नजर आने लगे हैं। जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बड़ा बयान जारी कर दिया है।

जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूस के साथ जंग को खत्म करने के लिए युद्ध के फ्रंट लाइन्स को फ्रीज करने के लिए तैयार हैं। फ्रंट लाइन्स को फ्रीज करने का मतलब है कि रूस और यूक्रेन की सेनाएं जहां हैं वहीं पर रुक जाएंगी। जेलेंस्की के इस दावे से ये सवाल खड़े हो गए हैं कि क्या वे रूस को यूक्रेन की भूकमि देने को तैयार हो गए हैं? दरअसल, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक मीडिया हाउस को इंटरव्यू दिया। इस दौरान शो के एंकर ने जेलेंस्की से पूछा- क्या आप एक ऐसे शांति समझौते को स्वीकार करेंगे, जिसमें सब कुछ अभी की स्थिति पर ही रोक दिया जाए, जहां आपके पास अपने देश का 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा हिस्सा बना रहे, चाहे युद्ध की शुरुआत कैसे भी हुई हो?



मांगेंगे सुरक्षा की गारंटी

वोलोदिमीर जेलेंस्की ने आगे कहा- इसे यहीं रोक देना चाहिए। और ये बात भी जाहिर है कि आज के समय हमें रूस से कम से कम इतना तो चाहिए ही। इसके बाद हम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास और यूरोप के अन्य देशों के पास जाएंगे और उनसे सुरक्षा की गारंटी मांगेंगे।

रेहान की प्रदर्शनी से 70 फोटो हटाने से मामला गरमाया भड़की कांग्रेस

हम कोई दूसरी जगह तलाश लेंगे और प्रदर्शनी लगाएंगे, पिता रॉबर्ट ने बेटे पर गर्व जताया, ये तस्वीरें कोई विवादित नहीं लगाई गई

हमें नहीं पता यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या किसी और दबाव के कारण लिया गया


नई दिल्ली/संचार जगत

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और रेहान वाड्रा के पिता, रॉबर्ट वाड्रा ने गुरुवार को अपने बेटे पर गर्व जताया। बीकानेर हाउस में बेटे की फोटोग्राफी प्रदर्शनी पर आपत्तियां जताई गई थीं, जिस पर वाड्रा ने कहा कि परिवार उनके काम को प्रदर्शित करने के लिए कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा। उन्हें नहीं पता कि बीकानेर हाउस का यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या दबाव में लिया गया है। वाड्रा ने कहा कि उसने देखा है कि पूरा परिवार किन हालात से गुजरा है? वह एक बहुत मजबूत इंसान है, बहुत मजबूत इरादों वाला व्यक्ति है। वह कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा, और हम किसी दूसरी जगह पर ही यह प्रदर्शनी करेंगे।

ये तस्वीरें किसी भी तरह से विवादित नहीं

वाड्रा ने यह भी कहा कि ये तस्वीरें विवादित नहीं हैं, बल्कि इनमें रेहान का नजरिया और उसकी रचनात्मकता झलकती है। जब वह खुद विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर मौजूद था, तब उसने ये तस्वीरें ली थीं। उन्हें इस बारे में पहले ही बता दिया गया था।

रेहान ने कहा था- पहले ही साझा की थी तस्वीरें



रॉबर्ट वाड्रा

रेहान वाड्रा कलाकार और फोटोग्राफर हैं। उन्होंने बुधवार को कहा था कि बीकानेर हाउस प्रशासन ने उनकी एकल प्रदर्शनी से दिल्ली में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों को दिखाने वाली कई तस्वीरें हटा दी थीं। यह कार्रवाई प्रदर्शनी शुरू होने से पहले की गई थी। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। 'नो आइडिया इज फाइनल' नाम की इस प्रदर्शनी की झलक बुधवार को दिखाई गई थी।

प्रियंका गांधी ने कहा

कल कोई दूसरा कलाकार होगा, सच के साथ खड़े रहो



प्रियंका गांधी ने इसे 'हास्यास्पद' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी युवाओं की आवाज दबा रहे हैं। उन्होंने कहा आज वह है, कल कोई दूसरा कलाकार होगा। जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे शायद इस बात का अहसास नहीं होता, लेकिन वह असल में उसी सत्ता को खो देता है जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा, तुम सच के साथ खड़े रहो और हर खूबसूरत चीज खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाएगी। मुझे तुम पर गर्व है।

बीकानेर हाउस सोसायटी ने कहा

ये तस्वीरें उसकी नीति के अनुरूप नहीं थीं

बीकानेर हाउस सोसाइटी ने कहा कि उसने प्रदर्शनी से रेहान की कुछ तस्वीरें हटाने के लिए कहा था। सोसाइटी ने कहा कि यह एक



सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है। इसका मकसद कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां होने वाली प्रदर्शनियों और उनसे जुड़ी गतिविधियों को बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति का पालन करना होता है। बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज फाइनल' के तहत लगाई गई कुछ तस्वीरें बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति के अनुरूप नहीं पाई गईं। इसलिए उन्हें हटाने के लिए कहा गया।

चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन

आज उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, देश-विदेश से जुटेंगे 9 हजार से अधिक प्रतिभागी

नई दिल्ली/संचार जगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रतिभागियों को संबोधित भी करेंगे। 3 दिनी यह वैश्विक सम्मेलन चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर के समारोहों का समापन होगा। इसमें भारत और विदेशों से 9 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन आध्यात्मिक चिंतन, भारतीय संस्कृति और भगवद्गीता के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में देश-विदेश से आने वाले प्रतिभागी चिन्मय मिशन की 75 वर्षों की यात्रा और उसकी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

1951 में हुई थी चिन्मय मिशन की स्थापना

चिन्मय मिशन की स्थापना वर्ष 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी। यह एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जो वेदांत दर्शन, भगवद्गीता के संदेश और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के अध्ययन-प्रसार के लिए कार्य करता है। मिशन का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक जीवन से जोड़ना और लोगों को आत्मचिंतन, नैतिक मूल्यों तथा आध्यात्मिक विकास के लिए प्रेरित करना है।

बीते 75 वर्षों में चिन्मय मिशन ने भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी गतिविधियों का विस्तार किया है। इसके माध्यम से आध्यात्मिक अध्ययन, गीता एवं वेदांत पर प्रवचन, शैक्षणिक गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

पिछले वर्ष शुरू हुआ था वर्षभर का समारोह

चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर के समारोहों की शुरुआत पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवद्गीता के तमिल पद्यानुवाद के विमोचन के साथ हुई थी। यह तमिल पद्यानुवाद तमिलनाडु स्थित चिन्मय मिशन द्वारा तैयार किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भगवद्गीता के संदेश को तमिल भाषा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना था।



रायपुर के लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोग

राष्ट्रपति ने जारी किया 200 रु. का स्मारक सिक्का

माता हासी का नाम है अंकित

नई दिल्ली/संचार जगत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। शदाणी दरबार रायपुर की पांचवीं पीठाधीश माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया गया है। सिंधी विभूति के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी होना समाज के लिए ऐतिहासिक मौका है। राष्ट्रपति2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आयेंगी। वे 23 अक्टूबर को जगदलपुर के सिरहासार भवन में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार को संबोधित करेंगी। बस्तरिया आदिवासियों से उनकी फरियाद सुनेंगी।

जिला परिषद सदस्यों के लिए तीसरे दिन 69 नामांकन प्रस्तुत, अब तक 98 नामांकन दाखिल

संचार जगत

खैरथल-तिजारा। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। गुरुवार को जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन 69 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही अब तक कुल 71 अभ्यर्थियों द्वारा 98 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं।

जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया के तहत 23 अक्टूबर, शुक्रवार को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।

वहीं, तृतीय चरण के तहत पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए भी नामांकन प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत अब तक तिजारा पंचायत समिति में 102 तथा किशनगढ़बास पंचायत समिति में 124 नामांकन पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इस प्रकार दोनों पंचायत समितियों में अब तक कुल 226 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं।

हड़ताल करना तब बनता जब हम अपील न करते, 5-6 दिन में एपीटीईएल में दाखिल होगी अपील

मंत्री ने बताया बेवजह हड़ताल की जा रही

बिजली कर्मचारी हड़ताल का रास्ता छोड़ हमारे साथ आएं, कोई सुझाव हो तो वे हमें बताएं : अनिल विज

नई दिल्ली/संचार जगत

हरियाणा के ऊर्जा अनिल विज ने गुरूग्राम व नूंह में बिजली वितरण के लिए दिए लाइसेंस के विरोध में हरियाणा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के संबंध में कहा कि हमने सारा इंतजाम किया है और यह जो हड़ताल की जा रही है वो बेवजह है क्योंकि हरियाणा बिजली विनियामक आयोग ने आदेश दिया है कि निजी कंपनी को बिजली दी जाए। हालांकि विनियामक के सामने हमने बड़ा वकील खड़ा करके और विभाग ने पूरी ताकत से उस कंपनी का विरोध किया है। उन्होंने कहा, मगर यह स्वायत्त संस्था है, हमने बिजली निजीकरण के लिए कोई आवेदन नहीं मांगा था, लेकिन यह केंद्रीय एक्ट है जिसमें यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति, कोई भी कंपनी आवेदन लगा सकती है कि हमें बिजली दी जाए। विज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि



वह स्वयं निजीकरण के खिलाफ है क्योंकि हमारा इतना पैसा व ढांचा लगा है, कर्मचारियों की नौकरी का सवाल है इसलिए हमने इसका डटकर विरोध किया, मगर फैसला हमारे खिलाफ आया और इस फैसले की हम विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील कर रहे हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी वहां से विनियामक के आदेश के खिलाफ स्टे हासिल करें। उन्होंने कहा कि वह कर्मचारी नेताओं को यह कहना चाहते हैं कि हड़ताल करना तब बनता जब हम अपील न करते, अपील करने के लिए 45 दिन का समय होता है, मगर हम पूरी तरह से अधिकारियों के साथ लगे है ताकि 5-6 दिन में यह अपील दायर कर स्टे हासिल कर लें।

कर्मचारियों साथियों से वह कहना चाहते हैं कि हड़ताल का रास्ता छोड़कर वह हमारे साथ आए और केस तैयार कराने के लिए यदि हमारे वकील को कोई राय देना चाहते हैं तो वह दे, या वो अपना वकील खड़ा करना चाहते है तो वह खड़ा करे, या वो कोई और वकील का सुझाव देना चाहते है तो बताए हम वह वकील हायर कर लेंगे। उन्होंने कहा कि लड़ना तो कोर्ट में पड़ेगा क्योंकि यह विनियामक है, कुछ नासमझ लोग कह रहे हैं कि सरकार ने बिजली दी और सरकार अपील में जा रही है, ऐसा नहीं हो सकता, यह सरकार नहीं विनियामक है समझ नहीं है तो एक्ट लेकर पढ़ लें।

हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला आज

तिरंगा लहराने में अनुमति की जरूरत नहीं, हमने कुछ गलत नहीं किया

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली हाईकोर्ट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर शुक्रवार 23 अक्टूबर को अपना फैसला सुनाएगा। नेहा ने स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) द्वारा जारी किए गए पुलिस नोटिस को चुनौती दी है, जिसमें उनसे 'शांति बनाए रखने' के लिए बॉन्ड भरने को कहा गया था। हालांकि, नेहा का कहना है कि तिरंगा फहराने के लिए किसी की मंजूरी की क्या जरूरत है? जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने करीब 3 घंटे



तक नेहा बोरा और दिल्ली पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने कहा शुक्रवार को आदेश करूंगा। नेहा ने कनॉट प्लेस में सीजेपी के बुलाए गए प्रोटेस्ट से खुद को अलग कर लिया। बोरा के वकील ने कहा कि वह सेंट्रल पार्ट में अलग से बुलाए गए आह्वान में शामिल नहीं थी। वह दूसरे संगठन ने बुलाया था। मैं मंडी हाउस में अपने आह्वान से निपट रही थी।

सिटी पैलेस में 25 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए प्रतिष्ठित 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2026'

हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी ऑफ जयपुर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजन

सामाजिक सेवा, हेरिटेज संरक्षण, विज्ञान, व्यापार, लीडरशिप, पारंपरिक शिल्प आदि क्षेत्र में मिले पुरस्कार

अगले वर्ष जयपुर के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 18 नवंबर से होंगे विभिन्न आयोजन

संचार जगत

जयपुर। हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी ऑफ जयपुर की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार शाम को प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार समारोह 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन सिटी पैलेस के प्रीतम चौंक में किया गया। पूर्व राज परिवार की सदस्य राजमाता पद्मिनी देवी; उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी; महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट के चेयरपर्सन, हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह; राजकुमारी गौरवी कुमारी और धर्म गुरूओं के मंच पर आने के साथ ही कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में श्री गोविन्द देव जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात स्वर्गीय महाराजा सवाई भवानी सिंह की तस्वीर पर भी माल्यार्पण किया गया। धर्म गुरुओं को भेंट देने और उनका आशीर्वाद



प्राप्त करने के बाद पुरस्कार समारोह शुरू हुआ। महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा ये पुरस्कार सामाजिक सेवा, हेरिटेज संरक्षण, विज्ञान, व्यापार, लीडरशिप, पारंपरिक शिल्प के क्षेत्र आदि सहित 25 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त दिए गए पुरस्कार निम्न प्रकार से हैं

एचएच महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय अवॉर्ड - खेल में उत्कृष्टता के लिए (महावीर प्रसाद सैनी); एचएच महारानी मरूधर कंवर अवॉर्ड - एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट और जेपीसीटी में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए (मान सिंह राजावत); एचएच महारानी किशोर कंवर अवॉर्ड - परफॉर्मिंग आर्ट के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (चुग्गे खान); एचएच राजमाता गायत्री देवी अवॉर्ड - महिलाओं की उत्कृष्टता के लिए (मेजर डॉ. मीता सिंह); एचएच ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह



अवॉर्ड - व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (माधव सिंघानिया); एचएच राजमाता पद्मिनी देवी अवॉर्ड - जयपुर राजपरिवार के प्रति वफादारी एवं उत्कृष्ट अनुशासित सेवाएं प्रदान करने के लिए (सुरेंद्र सिंह शेखावत); महाराज कुमारी दीया कुमारी अवॉर्ड - लीडरशिप के लिए (एआर. रितु सिंह); एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह अवॉर्ड - हेरिटेज और आर्किटेक्चर के संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए (राधा गोयनका); राजकुमारी गौरवी कुमारी अवॉर्ड - ऐसे व्यक्ति/संस्था के लिए जिसने स्टार्टअप/नवाचार/आविष्कार के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की हो और जिसका समाज पर गहरा सकारात्मक प्रभाव पड़ा हो (कमला पोद्दार) और एचएच महाराजा लक्ष्यराज प्रकाश ऑफ सिरमौर अवॉर्ड- किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए (विश्वजीत) प्रदान किया गया। इससे पूर्व, स्वागत संबोधन महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट की डिप्टी डायरेक्टर, मृणालिनी वेंकटेश्वरन द्वारा दिया गया। वहीं, एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम एवं ट्रस्ट, निदेशक, वैभव चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह पुरस्कार प्रदान किए गए, जो कि इस प्रकार थे

राजा दूल्हा राय अवॉर्ड - सामाजिक सेवाओं के लिए (विमुक्ति संस्था); राजा काकिल देव अवॉर्ड - संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए (टाटा ट्रस्ट्स); राजा पजवन देव अवॉर्ड - मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (डॉ. मोहनीश ग्रोवर); राजा भगवंत दास अवॉर्ड - जयपुर के पारंपरिक शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (प्रो. भवानी शंकर शर्मा); राजा मान सिंह प्रथम अवॉर्ड - बहादुरी के लिए (राइफलमैन गोविंद सिंह); मिर्जा राजा जय सिंह प्रथम अवॉर्ड - सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा के लिए (कर्नल विक्रमजीत सिंह काहलों); मिर्जा राजा राम सिंह प्रथम अवॉर्ड - पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (धीरेन्द्र गोधा); महाराजा विशन सिंह अवॉर्ड - ट्रैवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए (राजीव कोहली); महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय अवॉर्ड - विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (डॉ. गोबिंद सागर भारद्वाज);

महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह अवॉर्ड – पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (किरण राजपुरोहित); महाराजा सवाई माधो सिंह प्रथम अवॉर्ड - समाज सेवा और परोपकार के क्षेत्र में (रोहित कुमार सिंह);

महाराजा सवाई प्रताप सिंह अवॉर्ड – साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (अमीश त्रिपाठी); महाराजा सवाई जगत सिंह अवॉर्ड -आर्ट, पेंटिंग एवं स्कल्पचर के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (अनुपम हल्दर); एचएच महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय अवॉर्ड - फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए(समर सिंह जोधा); एचएच महाराजा सवाई माधो सिंह द्वितीय अवॉर्ड - थियेटर, फिल्म एवं टेलीविजन क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए (कैलाश खेर) दिया गया।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।